


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 रश्मिका मंदाना से लेकर ...

वर्ष : 26 | अंक : 348 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 09 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# जेवर एयरपोर्ट पर उतरा पहला हवाई जहाज

## एतिहासिक दिन: इंडिगो एयरलाइंस के प्लेन का वॉटर कैनन से स्वागत, फ्लाईट टेस्ट सफल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर के लिए आज सोमवार (9 दिसंबर 2024) का दिन बेहद खास बन गया। जिले की धरती पर नया इतिहास बन गया है। ग्रेटर नोएडा के पास जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को पहली बार कॉमर्शियल विमान रनवे पर लैंड किया। विमान को लैंडिंग की अनुमति के साथ ही नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने रनवे पर अन्य सुरक्षा उपकरणों का जायजा भी ले लिया है। ट्रायल रन शुरू होने से पहले रनवे को सलामी (वाटर कैनन) तक दी गई। वहीं जब जेवर एयरपोर्ट के रनवे पर इंडिगो एयरलाइंस का पहला कॉमर्शियल विमान उतरा तो उसे भी वॉटर कैनन से सलामी दी गई। इस दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू व जेवर एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारी भी मौजूद रहे।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) का कॉमर्शियल विमान दिल्ली से 10 मिनट में नोएडा एयरपोर्ट पर पहुंचा। यहां पर करीब डेढ़ घंटे विमान एयरपोर्ट के ऊपर आसमान में गरजा और सभी सुरक्षा उपकरणों की जांच के बाद ही रनवे पर 1 बजकर 25 मिनट पर लैंड किया।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के एक अधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) का कॉमर्शियल विमान पूरी सुरक्षा के साथ रनवे पर उतरा। रनवे का ट्रॉयल टेस्ट पूरी तरह सफल हुआ है। एयरपोर्ट पर 3900 मीटर लंबा और 60 मीटर चौड़ा पहला रनवे बनकर पूरी तरह से तैयार है। रनवे पर मार्किंग और लाइटिंग का कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा कैट-1 और कैट-3 उपकरण स्थापित हो चुके हैं, जो कोहरे में विमान की ऊंचाई और दृश्यता की जानकारी देते हैं। एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) को स्थापित किया जा चुका है, जिसकी 10 से 14 अक्तूबर तक जांच की जा चुकी है। सोमवार को अब ट्रायल किया जाएगा। ट्रायल प्रक्रिया कई दिनों तक निरंतर या एक दिन छोड़कर भी होने की संभावना है। ट्रायल से पूर्व डीजीसीए की टीम ने एयरपोर्ट पहुंचकर निरीक्षण किया है।







नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू का जेवर एयरपोर्ट जाते समय सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा.महेश शर्मा एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

---

## बारिश ने बदला नोएडा के मौसम का मिजाज, स्मॉग पर दिखा असर



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा और एनसीआर के विभिन्न इलाकों में हुई बारिश ने मौसम का मिजाज अचानक बदल दिया। कल से ही नोएडा में ठंडी हवाएं चल रही है. रविवार को हुई हल्की बारिश ने ठंड बढ़ा दी है. मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण सोमवार को भी देर **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## दिल्ली के 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कम्प

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में सोमवार को करीब 40 स्कूलों को बम की धमकी वाला मेल मिला और मेल में 30,000 अमेरिकी डॉलर की मांग की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। धमकी एक ही ई-मेल के जरिए दिल्ली के प्रमुख स्कूलों को भेजी गई थी, जिनमें आरके पुरम का दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), पश्चिम विहार का जीडी गोयनका, चाणक्यपुरी में द ब्रिटिश स्कूल, अरबिंदो मार्ग स्थित द मदर्स इंटरनेशनल, मंडी हाउस का मॉडर्न स्कूल, डीपीएस वसंत कुंज, सफदरजंग का दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल, डीपीएस ईस्ट ऑफ कैलाश और सलवान पब्लिक स्कूल शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि जिन स्कूलों को धमकी मिली थी, उनमें से अधिकतर ने अपनी कक्षाएं स्थगित कर दीं तथा छात्रों को घर वापस भेज दिया। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह सात बजकर छह मिनट पर डीपीएस आरके पुरम से और सुबह छह बजकर 15 मिनट पर जीडी गोयनका, पश्चिम विहार से बम की धमकी वाली सूचना मिली।

**ईमेल में लिखी ये बातें**

ईमेल में लिखा था, ''मैंने इमारत के अंदर कई बम लगाए हैं। बम छोटे हैं और बहुत अच्छी तरह से छिपाए गए हैं। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## दिल्ली में 'आप' की दूसरी लिस्ट जारी

### सिसोदिया की सीट बदली, ओझा को टिकट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में अगले साल होने वाले



विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपनी दूसरी लिस्ट सोमवार को जारी कर दी है। इस लिस्ट में 20 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। आप ने इस बार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीट बदल दी है। इस बार उन्हें पटपड़गंज की जगह जंगपुरा से मैदान में उतारा गया है। वहीं हाल ही में आप में शामिल हुए अवध ओझा को पटपड़गंज से टिकट दिया गया है।

इसके अलावा आप ने नरेला से दिनेश भारद्वाज, तिमारपुर से सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू, आदर्श नगर से मुकेश गोयल, मुंडका से जसबीर कारला, मंगोलपुरी से राकेश जाटव धर्मरक्षक, रोहिणी प्रदीप मित्तल, चांदनी चौक से पुनरदीप सिंह साहनी (सेबी), पटेल नगर से प्रवेश रतन, मादीपुर से राखी बिडला, जनकपुरी से प्रवीण कुमार, बिजवासन से सुरेंद्र भारद्वाज, पालम से जोगिंदर सोलंकी, जंगपुरा से मनीष सिसोदिया को टिकट दिया गया है।

---

## आर्य समाज नोएडा का वार्षिक उत्सव सम्पन्न, विश्व शांति के लिए महायज्ञ

**नोएडा (चेतना मंच)।** आर्य समाज सेक्टर 33,नोएडा का त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव सोल्लास संपन्न हो गया। वैदिक विद्वान डा.जयेंद्र आचार्य के ब्रह्मत्व में 51 कुण्डीय विश्वशांति सौहार्द महायज्ञ सम्पन्न हुआ। मुख्य यज्ञमान हरिशंकर सिंह, अशोक अरोड़ा, पुनीत निरुपमा मल्होत्रा, वंदना एवं दीपक खोसला, प्रतीक एवं गगन भसीन, आशीष कठपालिया, सौरभ कठपालिया सपरिवार रहे।

केंद्रीय केंद्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य के समारोह में आगमन पर गुरुकुल के ब्रह्मचारियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद ने कहा था कि कोई कितना भी करें स्वदेशी राज्य सर्वोत्तम होता है आज राष्ट्रवाद की जो बात चल रही है उसकी अवधारणा को जन्म देने वाले स्वामी दयानंद थे स्वामी दयानंद से अनेकों नौजवानों ने प्रेरणा लेकर आजादी की लड़ाई में




कूद पड़े थे आज दो धाराएं देश में चल रही है एक राष्ट्रवाद की दूसरे भारत तेरे टुकड़े करने वाली ऐसी विषम परिस्थितियों में सभी आर्यजनों का कर्तव्य बनता है कि राष्ट्रवादी ताकतों को मजबूत बनाएं। प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने बांग्लादेश में जो हिंदुओं पर हो रहे **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## गौर सिटी मॉल में गर्भवती व पति से धक्का-मुक्की

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक शर्मिंदगी भरी घटना सामने आई है, जहां गौर सिटी मॉल में मनोरंजन के लिए आए एक परिवार के साथ सुरक्षा गार्डों ने बदसलूकी की है। परिवार का आरोप है कि पीवीआर सिनेमा में पुष्पा-2 फिल्म देखने के दौरान मॉल के गार्डों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और शारीरिक हिंसा की। घटना के बाद का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सोशल मीडिया वीडियो में पीड़ित युवक ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मॉल के कर्मचारियों और गार्डों ने न केवल उनके साथ अभद्रता की, बल्कि उनका चश्मा



भी तोड़ दिया। सबसे चिंताजनक बात यह है कि गर्भवती महिला को भी धक्का मारा गया, जो पूरी तरह से अमानवीय और निंदनीय कार्य है।

## पीजी से गिरकर दो छात्रों की मौत

नईदिल्ली (एजेंसी)। रोहिणी के सेक्टर-17 में अपने पीजी की चौथी मंजिल से संदिग्ध हालत में गिरने से दो छात्रों की मौत हो गई। दोनों छात्रों की पहचान ईशान निवासी भरतपुर और हर्ष निवासी पालम कॉलोनी, दिल्ली के रूप में हुई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार देर रात 1.10 बजे पुलिस को केएन काटजू मार्ग इलाके में दो लड़के छत से गिर जाने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लड़कों को अस्पताल लेकर गई, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों छात्र चौथी मंजिल के रेलिंग के पास मौजूद थे। इसी दौरान एक नीचे गिरने लगा। दूसरे ने उसे पकड़ने की कोशिश की और दोनों नीचे गिर गए। दोनों डीटीयू कॉलेज और बीपीआईटी कॉलेज के छात्र थे। पुलिस इनके नीचे गिरने के कारणों की जांच कर रही है।

## नोएडा-दिल्ली में सप्लाई हो रहा जानलेवा पनीर

### स्किम्ड मिल्क पाउडर से बने दूध का पनीर बरामद



**बुलंदशहर (एजेंसी)।** केमिकल से तैयार किए गए दूध से ऐसा पनीर तैयार किया जा रहा है, जोकि जानलेवा है। यूपी के बुलंदशहर में फूड डिपार्टमेंट ने छापेमारी की। जिसमें सामने आया कि पनीर बनाने के लिए दूध की जरूरत ही नहीं है। वो स्किम्ड मिल्क पाउडर से पहले दूध बनाते हैं और फिर कास्टिक पोटाश, सिंथेटिक सिरप और रिफाइंड के जरिए पनीर तैयार कर लेते हैं. इस तरह तैयार किया जानलेवा पनीर दिल्ली-नोएडा में धड़ल्ले से सप्लाई किया जा रहा था। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## दादरी में पांचवा वार्षिकोत्सव 'धरोहर' धूम-धाम से संपन्न

**दादरी (चेतना मंच)।** दादरी के विश्वेशवरैया ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने रविवार को अपना पांचवा वार्षिकोत्सव 'धरोहर' पूरे धूम धाम के साथ आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देश के अधिकांश प्रदेशों की संस्कृति को समाहित करते हुए विभिन्न रंगा-रंग कार्यक्रम आयोजित किए। जिन्हें देख कार्यक्रम में पहुंचे हजारों अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए और छात्रों के उत्साह में तालियां बजाने से खुद को रोक नहीं सके। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील जिंदल बतौर मुख्य अतिथित उपस्थित रहे।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल दादरी में पांचवे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 'धरोहर' का आगाज हुआ। इस दौरान स्कूल के नन्हें मुन्हें छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें पंजाब का भांगडा,






रास्थान का झूमर डांस, गुजरात का गरबा, असम के लोक नृत्य बिहू, हरियाणा का गुग्गा आदि की शानदार प्रस्तुतिया की गईं। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसीपल रतना वर्मा ने कहा कि इस वर्ष उनके स्कूल ने छात्रों के लिए कुछ नई सुविधाओं को समाहित किया है। जिसमें छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एनसीसी की शुरूआत की गई है। वहीं जो छात्र अपना भविष्य आर्म फोर्स में बनाना चाहते हैं उनके लिए एनडीए की तैयारी के लिए अकादकी की शुरूआत की **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## अरावली की बलि

उस खबर ने हर संवेदनशील और जागरूक व्यक्ति को उद्वेलित किया है कि हरियाणा के नूंह के पास 22 अरब रुपये कीमत के पहाड़ को खनन माफिया चट कर गया। निस्संदेह, यह परेशान करने वाला घटनाक्रम नूंह जिले में राजस्थान सीमा पर स्थित पहाड़ से जुड़ा है, जो अरावली पर्वतमाला का हिस्सा है। विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम तंत्र की काहिली व सत्ताधीशों की गैरजिम्मेदारी से पनपा है। खनन विभाग की रिपोर्ट बताती है कि उपमंडल फिरोजपुर झिरका के कुछ इलाकों में खनन माफिया ने इस कृत्य को अंजाम दिया। कैसी विडंबना है कि गैर कानूनी तरीके से धन अर्जित करने की दबंगों की लिप्सा हमारे पर्यावरण व लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करती। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम यह भी है कि अवैध खनन माफिया से टक्कर लेने वाले कई अधिकारियों को तबादले के रूप में खमियाजा भी भुगतना पड़ा है। नागरिक संगठनों की उदासीनता भी उन खनन माफियाओं का हौसला बढ़ाती है, जो सत्ता के गलियारों में खासा रसूख रखते हैं। निश्चित रूप से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र के संतुलन में निर्णायक भूमिका निभाने वाली इन पहाड़ियों को आज पुनर्जीवित करने की जरूरत है। पर्यावरण पुर्नस्थापना हेतु भूमिक्षरण और मरुस्थलीकरण से निबटने के लिये बाकायदा केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में ग्यारह लाख मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए, इस चौदह सौ किलोमीटर लंबे और पांच किलोमीटर चौड़े हरित गलियारे को बनाने का लक्ष्य है कि अरावली पहाड़ियों की पारिस्थितिकीय जीवन शक्ति को फिर से बहाल किया जा सके। एक समय था कि ये पहाड़ियों जंगल, वन्य जीवों, जलचरों और प्राकृतिक जल निकासी के जरिये एक समृद्ध पारिस्थतिकीय तंत्र बनाती थी। लेकिन दुर्भाग्य से अब अरावली पर्वत शृंखला देश की सबसे खराब स्थितियों के लिये जानी जाती है। इस दिशा में सत्ताधीशों की उदासीनता और नियामक संस्थाओं की लापरवाही से हरियाणा में यह स्थिति खासी शोचनीय है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि अरावली पर्वत शृंखला की तीस से अधिक पहाड़ियां पहले ही लुप्तप्राय हो चुकी हैं। खासकर हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों से लगते इलाकों में। निरंतर होते शहरों के विस्तार ने हरे-भरे परिदृश्यों को कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया है। जिसके चलते पूरे इलाके का पारिस्थितिकीय संतुलन बाधित हुआ है। सदियों में विकसित हुई वन संपदा व जीव-जंतुओं के अधिवास अब विलुप्त होने के कगार पर हैं। निस्संदेह, इस कथित विकास की कीमत हमें लंबे समय तक चुकानी होगी। जिसके अंतर्गत स्वदेशी वृक्षों की अनेक महत्वपूर्ण किस्में व दुर्लभ वन्य जीवों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर जा पहुंची हैं। साथ ही अनेक महत्वपूर्ण भूजल पुनर्भरण क्षेत्र सूख गए हैं। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब की हरित पहल से प्रेरित होकर ही ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट को इस विनाशकारी अतिक्रमण को रोकने के लिये लाया गया था। स्वदेशी वन संपदा को सामुदायिक जुड़ाव के जरिये संरक्षित करने की योजना थी। इसके अंतर्गत 35000 हेक्टेयर बंजर भूमि को उपजाऊ बनाना भी मकसद था। निस्संदेह, इस पर्यावरणीय संकट से निबटने के लिये पर्वत शृंखला के निकटवर्ती राज्यों में सहयोगात्मक प्रयास जरूरी हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक भी वनीकरण, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसी पहलों के लिये वित्त पोषण करके अरावली परियोजना को संबल दे रहा है। लेकिन यह भी हकीकत है कि इस परियोजना की सफलता इस बात पर निर्भर कती है कि हम अवैध खनन और अतिक्रमण रोकने के लिये संरक्षण कानूनों को कितनी सख्ती से लागू करते हैं। जिसमें भूमि संरक्षण अधिनियम जैसे कानूनी सुरक्षा उपायों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण होगा। साथ ही सदियों में विकसित हुए पारिस्थितिकीय खजाने की रक्षा के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों को तमाम मतभेदों व कृत्रिम विभाजन को दरकिनार करके आगे आना होगा। निस्संदेह, ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट दशकों से प्राकृतिक संसाधनों की लूट से हुए विनाश की क्षतिपूर्ति की दिशा में एक सार्थक कदम है। जिसमें सरकारी, निजी स्तर और सामुदायिक भागीदारी से इन प्राचीन पहाड़ियों को पुनर्जीवित करने की आशा जगती है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि योगी नष्कंटक हो गए, कामदेव की स्त्री रति अपने पति की यह दशा सुनते ही मूर्छित हो गई। रोती-चिल्लाती और भाँति-भाँति से करुणा करती हुई वह शिवजी के पास गई। अत्यन्त प्रेम के साथ अनेकों प्रकार से विनती करके हाथ जोड़कर सामने खड़ी हो गई। शीघ्र प्रसन्न होने वाले कृपालु शिवजी अबला ( असहाय स्त्री ) को देखकर सुंदर ( उसको सान्त्वना देने वाले ) वचन बोले। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0- अब तें रति तव नाथ कर होइहि नामु अनंगु।**
**बिनु बपु ब्यापिहि सबहि पुनि सुनु निज मिलन प्रसंगु॥**

हे रति! अब से तेरे स्वामी का नाम अनंग होगा। वह बिना ही शरीर के सबको व्यापेगा। अब तू अपने पति से मिलने की बात सुन॥

**जब जदुबंस कृष्न अवतारा। होइहि हरन महा महिभारा॥**
**कृष्न तनय होइहि पति तोरा। बचनु अन्यथा होइ न मोरा॥**

जब पृथ्वी के बड़े भारी भार को उतारने के लिए यदुवंश में श्री कृष्ण का अवतार होगा, तब तेरा पति उनके पुत्र (प्रद्युम्न) के रूप में उत्पन्न होगा। मेरा यह वचन अन्यथा नहीं होगा॥

**रति गवनी सुनि संकर बानी। कथा अपर अब कहउँ बखानी॥**
**देवन्ह समाचार सब पाए। ब्रह्मादिक बैकुंठ सिधाए॥**

शिवजी के वचन सुनकर रति चली गई। अब दूसरी कथा बखानकर (विस्तार से) कहता हूँ। ब्रह्मादि देवताओं ने ये सब समाचार सुने तो वे वैकुण्ठ को चले॥ (क्रमशः..)

# देवेंद्र फडणवीस भाजपा के लिए चाणक्य बन चमक रहे हैं

महाराष्ट्र में सरकार गठन की राजनीति में दस दिन की सघन वार्ताओं और खासी नाटकीयता के बाद आखिर अंधेरा छंट गया और देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति को एक नई दिशा एवं दृष्टि देगा। क्योंकि फडणवीस ने अपने राजनीतिक कौशल से न केवल नये मानक गढ़े हैं बल्कि सकारात्मक राजनीति को नये आयाम दिये हैं। हार का कारण स्वयं को मानने एवं जीत का श्रेय पार्टी एवं सहयोगी दलों को देने की विराट सोच रखने वाले फडणवीस को अब भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार किया जाने लगा है। फडणवीस ने राजनीति के चाणक्यों के चक्रव्यूहों को कुछ ऐसा भेदा कि लोग उन्हें आधुनिक अभिमन्यु भी कहने लगे। बात सही भी है फडणवीस अब किसी चक्रव्यूह में फंसते नहीं बल्कि उसे भेदकर बाहर निकलते हैं। सामने कोई भी हो शह और मात के खेल में उनकी जीत अब गारंटी बन चुकी है। वे भाजपा के लिए चाणक्य हैं तो विपक्ष के लिए अबूझ पहेली। पिछले एक दशक से महाराष्ट्र की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे कद्दावर राजनेता के नेतृत्व में निश्चित ही अगली पारी सफल होने वाली है। बावजूद इसके विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। फिर भी महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी निभाते हुए वह हर चुनौती के पार जायेंगे, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी करके एक नये इतिहास का सृजन करेंगी, इसमें कोई शंका दूर तक नजर नहीं आती।

तीसरी बार मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले देवेंद्र फडणवीस ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, दूरदर्शी नायक एवं महाराष्ट्र-निर्माता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर अनेक राजनीतिक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फडणवीस यह नाम महाराष्ट्र राजनीतिक इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये महाराष्ट्र के निर्माता, कुशल प्रशासक के साथ-साथ राजनीति को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग हैं, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, प्रशासक और राजनेता हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। महाराष्ट्र राजनीति की एक खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत से जुड़ी चुनौती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक



**फडणवीस का राजनीतिक जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरुआत की। उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे।**

ढंग से निपटाने की है। एक बड़ी चुनौती महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत को बलशाली बनाने की भी है। इन सब चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने एवं उनसे पार पाने की क्षमता फडणवीस में दिखती है। जो व्यक्ति 2022 में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर कर लेता है, पद से ज्यादा पार्टी हित को सामने रखता है, विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता तो वह पहले ही अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं, अब तो शासन के नये मानक गढ़ने है।

यह स्पष्ट है कि देवेंद्र फडणवीस के राजनीतिक जीवन के नए दौर की शुरुआत संभावनाभरी है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने भाषण में हिंदवी स्वराज से लेकर अहिल्याबाई होलकर का नाम लेकर अपनी राजनीतिक धारा को बिल्कुल स्पष्ट किया। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी छवि आत्मविश्वास से भरे हिंदुत्ववादी शुद्ध स्वयंसेवक भाजपा नेता की बनी। उन्होंने कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं और उनको समर्थन देने वाले महाविकास आघाड़ी के विरुद्ध लगातार प्रखर प्रहार से अपनी छवि वर्तमान राजनीतिक धारा के अनुरूप बनाई। चुनाव के समय लगा था कि एक हैं तो सेफ हैं और बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर महायुति में मतभेद के बावजूद उन्होंने गजब का संतुलन बनाते हुए इन नारों के बल पर महायुति की जीत को उच्च शिखर देकर सबको आश्चर्यचकित किया। महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं यह सवाल तो खड़ा ही है, लेकिन इस सवाल को नकारते हुए नयी सरकार अपना पूरा कार्यकाल उतार-चढ़ाव के बावजूद निष्कंटक पार करेगी। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणास्वरूप बनी महायुति ने हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता। फिर भी नए मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा।

फडणवीस का राजनीतिक जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरुआत की। उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे। लेकिन इस राजनीतिक विरासत का सहारा लेने के स्थान पर फडणवीस ने अपनी खुद की पहचान बनाई। सामान्य कार्यकर्ता की तरह खुद को तराशा। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया।

2014 में पहली बार महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद फडणवीस अपनी कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता, दृढ़संकल्प, राजनीतिक कौशल एवं अभिनव परियोजनाओं के माध्यम से उन्होंने अपनी असीम क्षमताओं को आकार दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2014, 2019 और 2024 के विधानसभा के चुनाव भाजपा ने फडणवीस के नेतृत्व में लड़े और शानदार प्रदर्शन किया, तीनों बार भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। 2019 में उनके नेतृत्व में भाजपा की चुनावी जीत के बावजूद अविभाजित शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे की जिद के कारण वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाए, हालांकि राकांपा नेता अजित पवार के साथ मिलकर उस वक्त उन्होंने तीन दिन की सरकार जरूर बनाई। यह प्रयोग विफल होने के बाद उनके विरोधियों ने उनकी रणनीतिक क्षमता पर सवाल भी उठाए थे लेकिन देवेंद्र फडणवीस को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा था और उन्होंने कहा भी था कि वे पूरे जोश से आयेंगे, तमाम तूफानों के बीच से विजेता की तरह फिर उभरेंगे। ऐसा उन्होंने करके दिखाया। भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के बावजूद फडणवीस को मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ी है। भाजपा के प्रदर्शन में फडणवीस ने अपने योगदान का पुरजोर दावा किया है। वे चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान पार्टी का मुख्य चेहरा थे और उन्होंने राज्य के सभी छह क्षेत्रों में 64 रैलियां कीं। उनको मिली शानदार सफलता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उन्हें मिला अटूट समर्थन था। संघ इस बात पर अड़ा हुआ था कि भाजपा को कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा रखने के लिए इस बार मुख्यमंत्री पद के लिए राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश की तरह लो-प्रोफाइल नेता नहीं चाहिए और फडणवीस ही इस पद के लिए उसकी पहली पसंद हैं। शाह, योगी और फडणवीस- इन तीनों के सामने अभी बहुत वर्षों की राजनीति शेष है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर बढ़ते हुए फडणवीस को ऐसे सर्वमान्य व्यक्ति के रूप में देखा जाता है, जो खींचतान और दबाव के बीच संतुलन बनाए रखते हैं, उनमें हर बड़ी-से-कड़ी जिम्मेदारी को निभाने की क्षमता है। इस विधा में उनके कौशल का परीक्षण अब महाराष्ट्र में तीन-पक्षीय गठबंधन सरकार के नेतृत्व से होने जा रहा है।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## संविधान की दिवस की रस्मी अदायगी से नहीं बदलेगी हकीकत

26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान पारित किया गया और अपनाया गया। इस दिन को संविधान दिवस या राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में जाना जाता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि भारत का संविधान व्यावहारिक, लचीला, और मज़बूत है। संविधान में हर समस्या का समाधान है। संविधान भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। इसके बावजूद आजादी के बाद से केंद्र हो या राज्यों की सरकारें, सभी ने संविधान में मौजूद कानूनों को अपने राजनीतिक फायदों के लिए इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखी। राजनीतिक दलों की सत्ता लोलुपता के कारण संविधान काफी हद तक कानून का पुलंदा बन कर रह गया। राजनीतिक दलों की मनमानी का आलम ही है कि देश आज भी गरीबी, असमानता, अपराध, जनसंख्या बढ़ोतरी, पर्यावरणीय समस्या और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है।

संविधान का दुरुपयोग केंद्र में हर दल की सरकार ने करने की भरसक कोशिश की है। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश में आपात्तकाल लगा दिया। संविधान की सरेआम धज्जियां उड़ाने का ऐसा मंजर भारत में कभी देखने को नहीं मिला। इसके बाद केंद्र में लंबे अर्से तक शासन में रही कांग्रेस की सरकार ने संविधान के दुरुपयोग में कोई कसर बाकी नहीं रखी। राज्यों की सरकारों को बर्खास्त करने के लिए आर्टिकल 356 का जमकर दुरुपयोग किया गया। इंदिरा गांधी ने आर्टिकल 356 का 50 बार दुरुपयोग किया। श्रीमती गांधी ने विपक्षी और क्षेत्रीय दलों की सरकारों को गिरा दिया। केरल में वामपंथी सरकार चुनी गई, जिसे नेहरू पसंद नहीं करते थे, उसे गिरा दिया गया। करुणानिधि जैसे दिग्गजों की सरकारें गिरा दी गईं। कुल 90 बार चुनी हुई सरकारों को गिराया गया। कांग्रेस सरकार ने डीएमके और वामपंथी सरकारों को गिराया। बदनियति से संविधान के कानूनों को अपनी सुविधा के हिसाब से बदलने और लागू करने का काम सिर्फ कांग्रेस ने ही नहीं किया, बल्कि केंद्र में शासन में आने के बाद भाजपा भी इसमें पीछे नहीं रही। सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में संविधान के 99वें संशोधन और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम को असंवैधानिक करार देते हुए इसे निरस्त कर दिया और उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए पुरानी कॉलेजियम प्रणाली को बहाल कर दिया।

देश के लोगों की सोशल मीडिया के जरिए अभिव्यक्ति और असहमति के अधिकार को केंद्र और राज्यों के कुचलने की कोशिश को सुप्रीम कोर्ट ने नाकाम कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आईटी एक्ट की धारा 66 ए को असंवैधानिक करार दिया। अदालत ने सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों और गृह सचिवों को यह सुनिश्चित करने के लिए कई निर्देश जारी किए कि सभी लंबित मामलों से धारा 66 ए का संदर्भ हटा दिया जाए। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि प्रकाशित आईटी अधिनियम के बेयरएक्ट्स को पाठकों को पर्याप्त रूप से सूचित करना चाहिए कि धारा 66 ए को अमान्य कर दिया गया है। इस धारा में यह प्रावधान था कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, उत्तेजक या भावनाएं भड़काने वाली सामग्री डालने पर व्यक्ति को गिरफ्तारी किया जा सकता है, लेकिन शीर्ष अदालत ने इस कानून को संविधान के अनुच्छेद 19.1.ए के तहत बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकार के खिलाफ बताकर निरस्त कर दिया था।

आरक्षण को लेकर सभी राजनीतिक दल वोटों की राजनीतिक करते रहे हैं। आरक्षण के सही प्रावधानों को लागू करने में भी नेताओं को वोटों का डर सताता रहा है। यही वजह रही है कि आरक्षण के फायदे-नुकसान पर कोई दल किसी तरह की चर्चा तक करने को तैयार नहीं होता। आरक्षण को लेकर राजनीतिक दलों ने संविधान से छेड़छाड़ करने में कसर बाकी नहीं रखी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कोटे में कोटा दिए जाने को मंजूरी दी थी। उस दौरान कोर्ट ने कहा था कि एससी-एसटी कैटेगरी के भीतर नई सब कैटेगरी बना सकते हैं और इसके तहत अति पिछड़े तबके को अलग से रिजर्वेशन दे सकते हैं। इसको लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से संसद भवन में 100 दलित सांसद मिले। इसके बाद केंद्र ने इसकी घोषणा भी कर दी कि जरूरत पड़ी तो संसद में विधेयक लाया जाएगा, पर आरक्षण के मौजूदा प्रावधानों में कोई बदलाव मंजूर नहीं होगा। हालांकि तमिलनाडु और कर्नाटक ने सुप्रीम कोर्ट के कोटे में कोटा के निर्णय पर अमल का फैसला किया।

इतना ही नहीं संविधान से इतर जाकर राज्यों की सरकारों ने भी वोटों की राजनीति के लिए आरक्षण को हथियार बनाने के प्रयासों में कसर बाकी नहीं रखी। हां, कुछ राज्यों ने निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण देने का कानून बनाने की कोशिश की है। हालांकि, इन कोशिशों को संवैधानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। साल 2008 में महाराष्ट्र सरकार ने भूमिपुत्रों को 80 प्रतिशत आरक्षण देने की कोशिश की थी। साल 2019 में आंध्र प्रदेश सरकार ने निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय आरक्षण अनिवार्य करने वाला कानून पारित किया था। साल 2020 में हरियाणा सरकार ने निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय आरक्षण देने का कानून बनाया था। हालांकि, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने इसे असंवैधानिक माना था।

इसी तरह साल 2023 में झारखंड ने निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य करने वाला कानून पेश किया था। कर्नाटक सरकार ने भी निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण देने का विधेयक पेश किया था। हालांकि, उद्योग जगत की प्रतिक्रिया के बाद इसे स्थगित कर दिया गया। संविधान के अनुच्छेद 16(3) के मुताबिक, संसद ही किसी खास राज्य में नौकरियों के लिए निवास की ज़रूरत तय करने का कानून बना सकती है। संविधान दिवस मनाना महज एक रस्मी रिवायत रह गई है। केंद्र के साथ राज्यों के भी कानूनों से खिलवाड़ करने के ढेरों उदाहरण मौजूद हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश में अपराधी और माफिया का दबदबा इसके उदाहरण हैं। राजनीतिक दलों ने कानून को शर्मसार करते हुए अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया है। संविधान के कानूनों का जब तक निष्पक्षता से पालन नहीं किया जाएगा तब तक संविधान दिवस जैसे प्रयास देश की मौजूदा समस्याओं के समक्ष मुंह चिढ़ाने जैसे ही रहेंगे। **- योगेन्द्र योगी**

## राशिफल

**मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष : अष्टमी**

**(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
सर दर्द, नेत्र पीड़ा, अनायास खर्च, अज्ञात भय, मानसिक परेशानी, इत्यादि रहेगा। प्रेम, संतान भी मध्यम।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
यात्रा में कष्ट। आय में उतार-चढ़ाव। स्वास्थ्य थोड़ा सा पहले से बेहतर। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। उच्चाधिकारियों के कोप भाजन के शिकार हो सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भाग्य पर भरोसा रखके कोई काम इस समय नहीं कर सकते हैं। स्वास्थ्य ऊपर-नीचे रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशाानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वंय के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी-चाकरी की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं दिख रही है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे, लेकिन शत्रु उपद्रव संभव है। पैरों में चोट-चपेट लग सकती है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं का संकेत है। नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
बड़े लेवल की कलह घर में हो सकती है। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पराक्रम में परेशानी रहेगी। व्यापार की स्थिति मध्यम रहेगी। नाक, कान, गला की परेशानी संभव है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
धन-हानि के संकेत हैं। गंदी भाषा से बचें और पूंजी के निवेश से भी बचें। कुटुंब में थोड़ी सी अनबन की स्थिति रहेगी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य प्रभावित है। प्रेम, संतान भी प्रभावित है। व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

# सपा की मासिक बैठक में दर्जनों लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कस्बा बिलासपुर स्थित संतोष फार्म हाउस पर समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी एवं संचालन जिला महासचिव सुधीर तोमर ने किया। इस दौरान बसपा नेता परविंद्र भाटी के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने सदस्यता दिलाई।



इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा शासनकाल में गरीब, किसान, मजदूर, दलित, पिछड़े और महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। भाजपा सरकार गरीबों का हक छीन रही है और आम जनता का शोषण करने में लगी हुई है। भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। सरकार को जनता की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जनपद गौतमबुद्धनगर में किसान अपने अधिकार के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष कर रहे है, लेकिन भाजपा सरकार अन्नदाताओं को उन्हें उनके हक देने की बजाय उनका दमन करने पर लगी हुई है।

इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि भाजपा अपने शासनकाल की नाकामी छुपाने के लिए धर्म का सहारा ले रही है और समाज में द्वेष भावना पैदा कर जनता को बाँटने का काम कर रही है। आज देश और प्रदेश के हालात बद से बदतर हो रहे, शिक्षित युवा बेरोजगार है, जनता महंगाई की मार से परेशान है और किसान अपने हकों के सड़क पर उतरकर संघर्ष कर रहा है। सरकार जनता की समस्याओं को अनदेखा कर उन्हें गुमराह करने का काम कर रही है इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सुनील भाटी देवटा ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की कार्यशैली से प्रभावित हो लगातार समाजवादी पार्टी से जुड़ रहे और पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। भाजपा सरकार की जन्म विरोधी नीतियों से त्रस्त जनता अब उसे सबक सीखने का पूरा मन बना चुकी है।

इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष इंदर प्रधान, जिला पंचायत सदस्य सुनील भाटी, नरेंद्र नागर, जिला महासचिव सुधीर तोमर, सुरेंद्र नागर, यूनुस प्रधान, शरीफ खान, राजेश रोही, कृष्णा चौहान, लखन जाटव, दीपक देवटा, मेंहदी हसन, कपिल ननका, नदीम सलमानी, इजी. गजेंद्र यादव, दीपक नागर, सुदेश भाटी, शशि यादव, नवीन भाटी, लोकेश भाटी, हुकुम सिंह भारती, वीरपाल नागर, यशपाल भाटी, नितिन नागर, राशिद सिद्दकी, देवेंद्र भाटी, अनिल नागर, जोरा भाटी, शाहरुख चौधरी, सुशील नागर, विनय शर्मा, मुरारी लाल गौतम, अतुल प्रधान, राशिद सिद्दकी, राकेश नागर, श्रवण नागर, सत्यप्रकाश नागर, महेश जाटव, जितेंद्र प्रजापति, सलीम राव, पवन जोगी, असगर प्रधान, सनी प्रजापति, मुकेशरी, खुशी यादव, दलमीर खान आदि मौजूद रहे।

# किसान सभा ने पुलिस पर लगाया अराजकता का आरोप

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** किसान सभा ने पुलिस द्वारा किए जा रहे गैर कानूनी कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा की और उत्तर प्रदेश सरकार को प्रदेश में अराजक शासन को बंद करने की हिदायत दी।



गौतम बुध नगर जिले में जारी किसानों के आंदोलन को दबाने के लिए पुलिस द्वारा अपनाए जा रहे असंवैधानिक, गैरकानूनी तरीको की किसान सभा कड़े शब्दों में निंदा करती है और राज्य सरकार को हिदायत देती है कि वो अराजक राज को बंद करें और कानून व संविधान के दायरे में रहकर एक जनतांत्रिक सरकार के तौर पर काम करे ना के तानाशाह बने।

इस किसान आंदोलन को दबाने के लिए पुलिस प्रशासन बेशर्मी पर उतर आया है और संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों की धज्जियां उड़ाते हुए रातों को लोगों के घर में घुसकर जबरदस्ती उन्हें गिरफ्तार करने व गैर कानूनी तौर पर किसानों को उनके घरों में नजरबंद करने का काम कर रहा है। पुलिस द्वारा किसान नेताओं के घर में घुसकर उनके परिवार वालों को धमकाया जा रहा है कई मामलों में तो परिवार सदस्यों जो किसान आंदोलन में सक्रिय नहीं है उन्हें जबरदस्ती घरों से गिरफ्तार किया जा रहा है। कल किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रूपेश वर्मा के पुत्र को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया जिसे बाद में वकीलों के दबाव उसके चलते छोड़ा गया। आज भी किसान सभा के संयुक्त सचिव शशांक भाटी के पिताजी को उनके घर से उठा लिया गया और परिवार को हिदायत दी गई कि जब तक शशांक को नहीं पकड़वाया जाता उनके पिता को हिरासत में रखा जाएगा। इसी तरह अन्य मामलों में भी पुलिस किसान नेताओं पर दबाव बनाने के लिए परिवार के सदस्यों को हिरासत में ले रही है। शासन व प्रशासन के इस तरह के कृत्य पूरे प्रदेश को शर्मसार कर रहे है।

इतने दबाव के बावजूद किसान अपनी उचित मांगों को लेकर आंदोलन में डटे हुए हैं, हर रोज सैकड़ों किसान गिरफ्तारियां दे रहे है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल है और सरकार को यह बताने की कोशिश कर रहे हैं ये वो कितने भी प्रयास कर ले लेकिन किसान अपने अधिकारों की इस लड़ाई से पीछे हटने वाले नहीं हैं। गिरफ्तार किए गए किसानों से मिलने सरधना से विधायक व समाजवादी पार्टी के नेता अतुल प्रधान भी मिलने जा रहे थे जिन्हें रामपुर फतेहपुर टोल पर रोक लिया और उन्हें आगे नहीं जाने दिया। जिसका उन्होंने कड़ा प्रतिकार किया। उक्त के लिए किसान सभा उनकी सराहना करती है।

किसान सभा प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से मांग करती है कि वह कानून व संविधान के दायरे में रहकर काम करें और किसानों से उनके विरोध करने के अधिकार छीनने का प्रयास ना करे। विरोध कर रहे किसान उन्हीं की प्रदेश के जनता है, इसलिए वह उनकी बात सुनें और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए जल्द से जल्द कदम उठाएं।

# शहीद रामाशीष सिंह को दी श्रद्धांजलि



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अटेवा पेंशन मचाओ मंच, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार के आवाहन पर प्रदेश में पेंशन शहीद रामाशीष सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होना था उसी क्रम में जनपद गौतमबुधनगर के ब्लॉक दादरी में पेंशन शहीद रामाशीष सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

लखनऊ में चल रहे पेंशन आंदोलन के तहत विधानसभा घेराव की कार्यक्रम में 7 दिसंबर 2016 को रामाशीष सिंह पुलिस की लाठी का शिकार हो गए थे और हम सबके लिए पुरानी पेंशन बहाली के लिए शहीद हो गए थे उनकी याद में प्रतिवर्ष हम सभी अटेवा परिवार के शिक्षक ,कर्मचारी साथी उनकी शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करते हैं।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह जिला मंत्री जगबीर भाटी, डॉ बी सिंह हरेंद्र गौतम अंजना शर्मा दीपिका सिंह नौरंगी देवी उषा चौधरी भीम सिंह गौतम सिंह अजय शर्मा परमेश्वर जितेंद्र कुमार मुकेश कुमार नवीन कुमार आलोक राज प्रभात कुमार कुलदीप गुप्ता टीटू सिंह जगदीश कपिल चौधरी हरेंद्र नागर छत्रपाल उमेश कुलदीप कुमार दीपक भाटी रमेश कुमार यादव बच्चे लाल रविंद्र कुमार विजय शंकर प्रसाद वेद प्रकाश रोहतासआदि शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-110 स्थित रामलीला मैंदान में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आयोजन कल से किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल शोभायात्रा निकाली गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी एके लाल ने दी।

महर्षि महेश योगी संस्थान के तत्वाधान में महर्षि आश्रम द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन अयोध्या से पधारी विश्व विख्यात अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता परम पूज्य पंडित गौरंगी गौरी जी ने भक्तों को श्रीमद् भागवत महापुराण का रसपान कराया गया। आयोजित कार्यक्रम में पूज्य देवी जी द्वारा प्रथम दिवस में श्रीमद् भागवत कथा के महत्व को बताया गया।

कथा का रसपान कर भक्त झूमने लगे। आज की कथा में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। आस-पास के गाँव भंगेल बाजार, सलारपुर और गेझा, हाजीपुर के अलावा आस-पास के कई बडी-बडी सोसाइटियों के भक्त बड़ी संख्या में मौजूद थे।

इस अवसर पर महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राहुल भरद्वाज की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

महर्षि संस्थान के वित्त निदेशक राजीव अरोड़ा, कार्यक्रम संयोजक रामेंद्र सचान, यादवेंद्र यादव, शिशिरकांत श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, दयाशंकर गुप्ता, विनोद दीक्षित, गिरीश अग्निहोत्री, श्रीकांत ओझा. ललन पाठक, शिशुपाल सिंह यादव, विनोद श्रीवास्तव, एस पी गर्ग, राजेश मिश्रा , राजेंद्र शुक्ला,राजेंद्र खंत्वाल, कमलेश यादव, राजेश मिश्रा अवधराज शुक्ला आदि सहित अन्य पदाधिकारी गण और लाखों सनातन धर्म प्रेमी मौजूद थे।

# सैफी समाज ने लगवाया कैंप

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय सैफी समाज की तरफ से दादरी किदवई नगर में फ्री चेकअप कैंप लगाया। चैकअप कैंप में दवाइयां दी गई। इस मौके पर भारतीय सैफी समाज के राष्ट्रीय सचिव वसील अहमद मौजूद रहे।



# पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट में कार्यक्रम का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मांच )।**

नववर्ष के आगमन को उत्सव की चमक और ऊर्जा के साथ मनाने के लिए तैयार हो जाइए! पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट में 'बी डी ग्रीन' के प्रायोजन में 28 और 29 दिसंबर को भव्य 'नववर्ष शुभारंभ उत्सव' आयोजित किया जा रहा है। यह दो दिवसीय आयोजन क्लब रिट्रीट में शाम 5 बजे से शुरू होगा।

पहले दिन (28 दिसंबर): नृत्य और शैली का रंगारंग उत्सव। इस दिन का मुख्य आकर्षण कला, फैशन, और मस्ती का अद्वितीय संगम होगा। आयोजक अशोक चौधरी ने बताया कि यह दिन मनोरंजन और उत्साह का पर्याय बनेगा।

इस आयोजन की रूपरेखा और तैयारी में राज शर्मा, एडवोकेट गौरव शर्मा, श्रेष्ठा सुमित त्रिपाठी, नेहा यादव, अशोक बालियान, अतुल सक्सेना, सौरभ मिश्रा, और तनीजा सहित कई गणमान्य लोगों का योगदान सराहनीय है।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com




## पृष्ठ एक के शेष....

**दिल्ली के 40 स्कूलों....**

इससे इमारत को बहुत अधिक नुकसान नहीं होगा, लेकिन बमों के फटने से कई लोग घायल हो जाएंगे।'' मेल में यह भी लिखा है, ''अगर मुझे 30,000 डॉलर नहीं मिले तो आप सभी को नुकसान उठाना होगा और इसकी कीमत चुकानी होगी। इस हमले के पीछे =ई2=80=9सीकेएनआर=ई2=80=9डी समूह का हाथ है।''

**आर्य समाज नोएडा का....**

अत्याचार पर खेद प्रकट करते हुए मोदी सरकार से मांग की कि बांग्लादेश पर दबाव बनाकर हिन्दुओं पर ही रहे अत्याचार को रोकें। विशिष्ठ अतिथि नवाब सिंह नागर (पूर्व विधायक) ने गुरुकुल एवं आर्य महासम्मेलन में अपने उद्बोधन में कहा कि गुरुकुल हमें स्वयं संस्कारित होकर दूसरों को संस्कारित करना सिखाता है। महर्षि दयानंद सरस्वती और आर्य समाज के उपकारों की चर्चा की। यज्ञ के महत्व की चर्चा करते हुए बताया कि यज्ञ से ही मानव का निर्माण हो सकता है। उन्होंने सामाजिक सेवा को सर्वोपरि बताया।उन्होंने आगे कहा कि सत्यार्थ प्रकाश स्वामी दयानन्द की राष्ट्र को अनुपम देन है।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डा वेदपाल ने कहा कि महर्षि के उपकार नारी जाति पर बहुत हैं। स्त्री शिक्षा के अधिकार महर्षि दयानंद सरस्वती की देन है। साहस, स्वराज्य प्राप्ति की प्रेरणा, सामाजिक उत्थान, ब्रह्मचर्य, गौ रक्षा का महत्व बताते हुए गौकरुणा निधि पर प्रकाश डाला और गुरुकुल शिक्षा का महत्व बताया। गुरुकुल में ही बलिदान की प्रेरणा मिलती है गुरुकुलों से निकले छात्रों ने ही स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था तभी यह देश आजाद हुआ था। यहां राष्ट्र के प्रति समर्पित होने का संकल्प कराया जाता है।

विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र वेदालंकार ने कहा की महर्षि दयानंद सरस्वती जी को ही महापुरुषों में युग प्रवर्तक कहा जाता है।गुरुकुल शिक्षा के द्वारा ही नैतिक शिक्षा को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि स्वराज के प्रथम उद्घोषक महर्षि दयानंद जी हैं देश की आजादी में प्रेरित करने वालों में महर्षि दयानंद जी का योगदान है।

सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक भानु प्रकाश शास्त्री एवं गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने आधुनिक साज बाज पर महर्षि दयानंद सरस्वती यशोगान के गीतों से श्रोताओं को झूमा दिया।

इस अवसर पर वीरप्रताप अरोड़ा, गायत्री मीना,कर्ण सिंह शास्त्री, अग्निदेव,ब्रह्मचारी हर्ष,शिवम् सोनी, अमित,आदि ने भी अपने विचार रखे।

समारोह में प्रमुख रूप से वेद प्रकाश अरोड़ा,यज्ञवीर चौहान,डा प्रमोद सक्सैना,सत्यपाल आर्य,चंद्रावती आर्या, ओमवती गुप्ता,ओमकार शास्त्री, प्रवीण आर्य एवं सीमा जी आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम का कुशल संचालन डा. जयेंद्र आचार्य वा मंत्री गायत्री मीना ने किया। प्रधाना मधु भसीन,कैप्टन अशोक गुलाटी ने सभी का आभार व्यक्त किया। शांतिपाठ एवं ऋषिलंगर के साथ समारोह संपन्न हुआ।

**नोएडा-दिल्ली में ...**

बुलंदशहर के खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली कि खुर्जा तहसील के अमीरपुर अगोरा गांव में कुछ लोग शादी के सीजन में जानलेवा दूध और पनीर को बनाकर ऑन डिमांड सप्लाई कर रहे हैं. साथ ही मिलावटी पनीर को दिल्ली, नोएडा में भी दुकानों पर सप्लाई किया जा रहा है. इस सूचना पर FDA की टीम ने छापा मारा तो वहां भारी मात्रा में हानिकारक केमिकल से पनीर और दूध बनाया जा रहा था. FDAटीम ने स्किम्ड मिल्क पाउडर, रिफाइंड ऑयल, सेक्रीन, व्हाइट पेस्ट और मिल्क फ्लेवर आदि पदार्थ भारी मात्रा में बरामद किए. रेड के दौरान तीन मिलावटखोर भी खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिए.

फूड डिपार्टमेंट के असिस्टेंट कमिश्नर विनीत कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से जानकारी पर पता चला कि इन हानिकारक पदार्थों का सप्लायर जिला मुख्यालय के पास रहने वाला एक व्यक्ति है, जो गोदामों से पूरे जिले में नकली पदार्थ बिक्री कर चुका है. जिसकी सूचना जिला प्रशासन की टीम को दी गई जिस पर एडीएम ,एसडीएम की टीम ने जिला मुख्यालय के पास स्थित चार गोदामों और एक दुकान पर छापा मारा और यहां से भी भारी मात्रा में हानिकारक केमिकल और मिलावटी पदार्थ बरामद किए।

**बारिश ने बदला नोएडा...**

शाम तक बारिश की संभावना जताई है और 10 दिसंबर से नोएडा और आस-पास में शीतलहर चल सकती है। बारिश का असर नोएडा के स्मॉग पर भी दिख रहा है. बारिश की वजह से शहर की आबोहवा भी पहले से साफ हुई है। हालांकि एक्यूआई अभी भी खराब श्रेणी में बना हुआ है।

नोएडा शहर कि सड़कों का बारिश के कारण स्मॉग कम हुआ है और आबोहवा भी पहले से साफ हुई है. बूंदाबांदी के चलते तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार को अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक देखा जा सकता है। हवा की गति आठ से 12 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रहने की संभावना है। सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरा देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हिमालय में ताजा बर्फबारी से ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवाएं फिर से चलने लगेंगी। इससे मैदानी इलाकों में बीच कोल्ड वेव यानी शीतलहर के दस्तक देने की आशंका है।

**दादरी में पांचवा वार्षिकोत्सव...**

जा रही है। जिन्हें एनडीए से संबंधित फिजीकल और थ्यौरी क्लासेज अकादमी द्वारा प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा स्कूल में 250 छात्रों के लिए हॉस्टल की भी व्यवस्था की गई है। जहां रहकर छात्र-छात्राएं अपना भविष्य संवार सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने सभी अभिभावकों व छात्र-छात्राओं को पांचवे वार्षिकोत्सव 'धरोहर' की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# शीर्ष 10 में से छह मूल्यवान कंपनियों का मार्केट कैप दो लाख करोड़ बढ़ा

❖ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे

❖ दूसरी ओर भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर में गिरावट का सामना करना पड़ा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह का कुछ बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 2,03,116.81 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,906.33 अंक उछला और एनएसई निफ्टी 546.7 अंक चढ़ा। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और भारतीय स्टेट बैंक में बढ़त दर्ज हुई। दूसरी ओर भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर में गिरावट का सामना करना पड़ा। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 62,574.82 करोड़ रुपये बढ़कर 16,08,762.61 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 45,338.17 करोड़ रुपए बढ़कर 14,19,270.28 करोड़ रुपये, इंफोसिस का मूल्यांकन 26,885.8 करोड़ रुपये बढ़कर 7,98,560.13 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 26,185.14 करोड़ रुपये बढ़कर 17,75,176.68 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 22,311.55 करोड़ रुपये बढ़कर 7,71,087.17 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 19,821.33 करोड़ रुपये बढ़कर 9,37,545.57 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान हालांकि, भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 16,720.1 करोड़ रुपये घटकर 9,10,005.80 करोड़ रुपये और आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 7,256.27 करोड़ रुपये घटकर 5,89,572.01 करोड़ रुपये रह गया।

## अगले सप्ताह आईपीओ बाजार में होगी हलचल

❖ पांच मुख्य बोर्ड, छह एसएमई 18,500 करोड़ रुपये जुटाने को पेश करेंगी आईपीओ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह आईपीओ बाजार में हलचल मचने वाली है। विशाल मेगा मार्ट, टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स जैसी 11 कंपनियां अपने आरंभिक शेयर बिक्री (आईपीओ) के लिए तैयार हैं, जिनका सामूहिक लक्ष्य लगभग 18,500 करोड़ रुपये जुटाना है। इस दौरान पेश किए जाने वाले मुख्य बोर्ड के अन्य आईपीओ में इन्वेंटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड और ब्लैकस्टोन के स्वामित्व वाली डायमंड ग्रेडिंग कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड शामिल हैं। पांच मेनबोर्ड आईपीओ के साथ, छह सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एसएमई) अगले सप्ताह अपने पहले सार्वजनिक निर्गम जारी करने की तैयारी कर रहे हैं। इनका लक्ष्य सामूहिक रूप से 150 करोड़ रुपये से अधिक जुटाना का है। साल 2024 में अब तक हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, बजाज हाउसिंग फाइनेंस और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सहित 78 मुख्य बोर्ड की कंपनियों ने मुख्य बोर्ड के माध्यम से सामूहिक रूप से लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह 2023 में इस मार्ग से 57 कंपनियों द्वारा जुटाए गए 49,436 करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। विशाल मेगा मार्ट, साई लाइफ साइंसेज और मोबिक्विक के आईपीओ 11 दिसंबर को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेंगे और 13 दिसंबर को बंद होंगे इन्वेंटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस और इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के तीन दिन के आईपीओ क्रमशः 12 दिसंबर और 13 दिसंबर को खुलेंगे।

## रामगढ़ एसपी ने वॉल्कन बजाज शोरूम में सीएनजी बाइक किया लांच

# ग्लोबल वार्मिंग व प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए लोकप्रिय होगी बाइक : एसपी

**रामगढ़।** विश्व की पहली सीएनजी बाइक बजाज कंपनी ने लॉन्च की है। रामगढ़ शहर के वॉल्कन बाजार शोरूम में रविवार को एसपी अजय कुमार ने पल्सर एन-25 के नए मॉडल को लॉन्च किया। इस दौरान उन्होंने कंपनी और शोरूम के कर्मियों को बधाई दी। एसपी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण की वजह से हमारा समाज बीमार हो रहा है। सीएनजी बाइक इन सब प्रदूषण को तो दूर करेगी ही, साथ ही



इसका बेहतरीन मॉडल और लुक ग्राहकों को भी पसंद आएगा। एसपी ने बताया कि पूरी दुनिया अब कृत्रिम चीजों से हटकर प्राकृतिक चीजों पर निर्भर हो रही है। पहले थ्री व्हीलर और फोर व्हीलर में सीएनजी का इस्तेमाल होता था। लेकिन अब टू व्हीलर भी सीएनजी के साथ सुरक्षित साबित होगा। उन्होंने बताया कि कंपनी का यह बेहतरीन फीचर लोगों को अच्छा लगेगा। उन्होंने कहा कि सीएनजी टैंक किसी भी परिस्थिति में विस्फोट नहीं करेगा, चाहे दुर्घटना कितनी भी बड़ी हो। कंपनी इस मानक पर अगर खरी उतरती है, तो सीएनजी बाइक की सड़कों पर एक नई पहचान बन सकती है। इस मौके पर शोरूम के मालिक दिनेश पोद्दार, वत्सल पोद्दार, विवेक पोद्दार, शोरूम मैनेजर अभिजीत कुमार सिंह, मोहित सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन में गिरावट

❖ विदेशी बाजारों में भाव सुधरने से पाम-पामोलीन तेल में हुआ सुधार



एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेशों के साथ साथ स्थानीय मांग कमजोर रहने की वजह से बीते सप्ताह देश के खाने के तेल-तिलहन बाजार में सरसों एवं सोयाबीन तिलहन के भाव में गिरावट दर्ज हुई। जबकि विदेशों में भाव सुधरने से सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा सस्ता होने के बीच जाड़े की मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि बीते सप्ताह मांग कमजोर रहने के बीच सरसों तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। कीमत की इस गिरावट की वजह से मंडियों में सरसों की आवक भी घटी है जो पहले के लगभग दो लाख बोरी से घटकर 1.40-1.45 लाख बोरी रह गई। जबकि देश में सरसों की रोजाना मांग 3.5-4 लाख बोरी की है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 6,575-6,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 75 रुपये की गिरावट के साथ 13,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# श्रीमद् रामायण में लव व कुश के बीच एक नाटकीय टकराव



एजेंसी

**मुंबई।** सोनी सब के श्रीमद् रामायण में हाल के एपिसोड में दर्शकों ने घटनाओं में एक नाटकीय मोड़ देखा, जिसमें राम और सीता के पुत्र लव और कुश ने अविस्मरणीय शक्ति और साहस का प्रदर्शन किया। यह तीव्र संघर्ष भविष्य के एपिसोड में अधिक भावनात्मक और शक्तिशाली टकराव के लिए मंच तैयार करता है। आगामी एपिसोड में दर्शक सुग्रीव और भरत के खिलाफ युद्ध में लव और कुश की जीत को श्री राम तक पहुंचते हुए देखेंगे। यह सुनकर श्री राम लव और कुश से युद्ध करने का फैसला करते हैं। उसी समय सीता को लगता है कि श्री राम और उनके बेटे आमने-सामने आ सकते हैं और लड़ाई कर सकते हैं। जब लव और कुश आखिरकार श्री राम से मिलते हैं, तो वे सीता को दूर भेजने के उनके फैसले पर सवाल उठाते हैं। इससे एक युद्ध होता है जिसमें श्री राम अंततः विजयी होते हैं। इस युद्ध के बाद उनका रिश्ता कैसे आगे बढ़ेगा देखते रहिए।

# इंडियन आइडल 5 के विजेता श्रीराम चंद्र ने करियर में एक और मील का पत्थर जोड़ा

69वें फिल्मफेयर अवार्ड्स साउथ 2024 में 'बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर (तेलुगु) जीता



**मुंबई।** श्रीराम चंद्र भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिन्हें कई प्रतिभाओं वाले व्यक्ति के रूप में पहचाना जाता है। एक अच्छे दिखने वाले और आकर्षक अभिनेता होने के अलावा, जो पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न फिल्मों में दिखाई दिए हैं, वह अपनी करिश्माई और मनमोहक आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध करने में भी कामयाब रहे हैं। एक पेशेवर प्रशिक्षित गायक होने के अलावा, उन्होंने इंडियन आइडल, झलक दिखला जा, और कई अन्य जैसे विभिन्न रियलिटी शो में अपनी जड़ें जमा ली हैं। इन वर्षों में, अपनी अविस्मरणीय क्षमता और अच्छे काम के लिए उन्होंने अपने लिए कई प्रशंसा और पुरस्कार जीते हैं और कुछ महीने पहले, गायक जो सुभानल्ला, बाल्मा, अल्लाह दुहाई जैसे बॉलीवुड गीतों के लिए जाने जाते हैं, और कई और उनके करियर में एक और बड़ा मील का पत्थर जोड़ा। श्रीराम चंद्र ने फिल्म 'बेबी' के गीत 'ओह रेंदु प्रेमा मेघलीला' के लिए प्रतिष्ठित 'सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक (तेलुगु)' का पुरस्कार जीता। उन्होंने कुछ समय पहले हुए 69वें फिल्मफेयर अवार्ड्स साउथ 2024 में भी यह पुरस्कार जीता था। यह पुरस्कार वास्तव में उनके द्वारा किए गए सभी अच्छे कार्यों के लिए एक अच्छी और सुखद मान्यता थी।

# भूटान में 2029 में चालू होगी खोरलोचू जलविद्युत परियोजना : टाटा पावर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा पावर का भूटान में 6,900 करोड़ रुपये की खोरलोचू जलविद्युत परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो गया है और संयंत्र के 2029 तक शुरू होने की संभावना है। यह 600 मेगावाट की परियोजना पड़ोसी देश के पूर्वी हिस्से में खोलोंगचू नदी पर विकसित की जा रही है। यह बात टाटा पावर के एक अधिकारी ने कही है। भारत के बाहर जलविद्युत परियोजनाओं की योजनाओं पर एक सवाल के जवाब में अधिकारी ने बताया कि हम भूटान पर नजर रख रहे हैं। खोरलोचू में 600 मेगावाट की परियोजना के लिए काम पहले ही शुरू हो चुका है, सुरंग का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना सितंबर 2029 में शुरू होने की संभावना है। टाटा पावर और भूटान स्थित ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (जीजीपीसी) ने अगस्त में 6,900 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जलविद्युत परियोजना विकसित करने के लिए साझेदारी की थी। इस साझेदारी के तहत टाटा पावर का सार्वजनिक-निजी भागीदारी वाली कंपनी खोरलोचू हाइड्रो पावर लिमिटेड में 40 प्रतिशत इक्विटी निवेश शामिल है। उन्होंने कहा कि साझेदारी के तहत भूटान में 1,125 मेगावाट की एक और परियोजना स्थापित की जाएगी।

# सोने और चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं



एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 77,770 रुपये से लेकर 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,300 रुपये से लेकर 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में आज लगातार तीसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज भी 77,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## रेपो रेट 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रहेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में अपनी मौद्रिक नीति पर चर्चा करते हुए ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं की। अगले वर्ष तक रेपो रेट 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रहेगी, जबकि कैश रिजर्व रेशियो 0.50 फीसदी कम किया गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने महंगाई से राहत दिलाने को अपनी प्राथमिकता बताई है। महंगाई दर 14 महीने के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है और इसके कारण रिजर्व बैंक की टारगेट रेंज को 2 से 6 फीसदी में रखने का प्रयास किया जा रहा है। महंगाई दर की इस बढ़ोतरी के बावजूद, गवर्नर शक्तिकांत दास अभी भी ब्याज दरों में कटौती करने के अनुकूल नहीं हैं।

# तृप्ति डिमरी व शाहिद कपूर पहली बार स्क्रीन पर एक साथ दिखेंगे



**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी शाहिद कपूर के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करने को तैयार हैं। उन्होंने विशाल भारद्वाज की एक्शन फिल्म अर्जुन उस्तरा को साइन किया है। फिल्म की शूटिंग जनवरी 2025 से शुरू होने की उम्मीद है। तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर पहली बार एक साथ स्क्रीन साझा करने के लिए तैयार हैं। दोनों सितारे विशाल भारद्वाज की एक्शन फिल्म अर्जुन उस्तरा में एक साथ दिखेंगे। अभिनेत्री ने विशाल की यह फिल्म साइन की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन पहले से ही चल रहा है और यह फिल्म 6 जनवरी, 2025 से फ्लोर पर आने वाली है। कहा जा रहा है कि फिल्म के लिए एक बड़ा स्टूडियो बनाया गया है, जो इसके विजन को पूरा करने में मदद करेगा। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की इस फिल्म के लिए एक भव्य सेट का निर्माण किया जा रहा है। यह फिल्म स्वतंत्रता के बाद के युग में अंडरवर्ल्ड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। निर्माताओं की कोशिश है कि इस फिल्म की शूटिंग को जल्द पूरा करके इसे 2025 में ही एक भव्य रिलीज दिया जाए। तृप्ति डिमरी का यह साल काफी शानदार गुजरा। वह अपनी फिल्मों के चलते लगातार ट्रेंड में रहीं। अभिनेत्री ने समीक्षकों और दर्शकों की भी सराहना प्राप्त की। अब वह वर्ष 2025 के लिए कमर कस रही हैं। उनके प्रभावशाली प्रदर्शनों ने उन्हें आईएमडीबी की शीर्ष-रेटेड अभिनेत्रियों में भी स्थान दिलाया है।

# एसबीआई कार्ड ने 2 करोड़ कार्ड्स-इन-फोर्स का आंकड़ा पार किया

**रांची।** एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, ने 2 करोड़ कार्ड्स-इन-फोर्स का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि देश भर में अभिनव समाधान प्रदान करने और ग्राहकों के अनुभवों को बढ़ाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि भारत के क्रेडिट कार्ड परिदृश्य को बदलने में एसबीआई कार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका और 'डिजिटल इंडिया की करेंसी' के अपने वादे को भी रेखांकित करती है। 1998 में अपनी स्थापना के बाद से, एसबीआई कार्ड ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यापक उत्पादों को डिजाइन करने में अग्रणी रहा है। खासे विचार विमर्श के बाद जारी कोर कार्डों से लेकर प्रीमियम ब्रांडों के साथ को-ब्रांडेड साझेदारियों तक, रिवार्ड्स-संचालित और जीवनशैली-केंद्रित ऑफरों तक, एसबीआई कार्ड ने लगातार भारतीय क्रेडिट कार्ड उद्योग में ग्राहक-केंद्रित नवाचार के लिए नए मानदंड स्थापित किए हैं और बाजार में अपनी लीडरशिप को मजबूत किया है। एसबीआई कार्ड ने वित्त वर्ष 19 और वित्त वर्ष 24 के बीच कार्ड्स-इन-फोर्स में लगभग 25% CAGR और स्पेंड्स में 26% CAGR की मजबूत वृद्धि देखी है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, एसबीआई कार्ड के एमडी एवं सीईओ अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा: एसबीआई कार्ड ब्रांड 'लाइफ को आसान बनाएं' के मूल्यवान सिद्धांत पर आधारित है। 2 करोड़ कार्ड जारी करना का आंकड़ा पार करना हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर रखे गए विश्वास और



आत्मविश्वास का प्रमाण है। यह नवाचार, बेहतर ग्राहक सेवा और हर भारतीय को सुविधाजनक, सुरक्षित और रिवार्ड्स देने वाले भुगतान समाधानों के साथ सशक्त बनाने के दृष्टिकोण पर हमारे अथक ध्यान को दर्शाता है। हम अपने बढ़ते ग्राहक आधार को अद्वितीय मूल्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि हम उनकी विकसित आवश्यकताओं को पूरा करना जारी रखते हैं। एसबीआई कार्ड के पास आज भारत भर में चारों तरफ एक मजबूत ग्राहक अधिग्रहण नेटवर्क है, जिसमें इअएअ और ओपन मार्केट शामिल है। एसबीआई कार्ड क्रेडिट कार्डों का एक विविध पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जिसमें विशेष अवसर, एक सुपर-प्रीमियम कार्ड, और प्रीमियम सेगमेंट के लिए सुविधा संपन्न एसबीआई कार्ड एलीट शामिल है। कैशबैक एसबीआई कार्ड, सिंपलीक्लिक एसबीआई कार्ड, सिंपलीसेव एसबीआई कार्ड और एसबीआई कार्ड प्लस जैसे क्रेडिट कार्ड विभिन्न ग्राहक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तयशुदा लाभ प्रदान करते हैं। एसबीआई कार्ड को-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड प्रदान करता है जैसे, क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड, एयर इंडिया सिग्नेचर एसबीआई कार्ड, बीपीसीएल एसबीआई कार्ड और आईआरसीटीसी एसबीआई कार्ड जो विश्व भ्रमण करने वालों और यात्रा करने वालों की जरूरतों को पूरा करता है। इसके साथ ही, रिटेल-केंद्रित क्रेडिट कार्ड, जिसमें टाइटन एसबीआई कार्ड और रिलायंस एसबीआई कार्ड शामिल हैं जो लाइफस्टाइल खर्च को मूल्यवान बनाते हैं। आज, एसबीआई कार्ड क्रेडिट कार्ड देश के सभी प्रमुख भुगतान नेटवर्क पर उपलब्ध हैं। इन वर्षों में, एसबीआई कार्ड ने निर्बाध डिजिटल ऑनबोर्डिंग, उन्नत सुरक्षा सुविधाओं और मजबूत रिवार्ड्स कार्यक्रमों को शुरू करने के लिए प्रौद्योगिकी का भी उपयोग किया है। जिससे यह आज लगभग 2 करोड़ भारतीय ग्राहकों के लिए पसंदीदा विकल्प बन गया है।

## भारत में एफडीआई निवेश 1,000 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के दौरान 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। इससे वैश्विक स्तर पर एक सुरक्षित और प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में देश की प्रतिष्ठा को मान्यता मिलती है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार इक्विटी, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी सहित एफडीआई की कुल राशि इस अवधि के दौरान 1,033.40 अरब अमेरिकी डॉलर रही। आंकड़ों के मुताबिक लगभग 25 प्रतिशत एफडीआई मॉरीशस मार्ग से आया। इसके बाद सिंगापुर (24 प्रतिशत), अमेरिका (10 प्रतिशत), नीदरलैंड (सात प्रतिशत), जापान (छह प्रतिशत), ब्रिटेन (पांच प्रतिशत), यूएई (तीन प्रतिशत) और केमैन आइलैंड्स, जर्मनी और साइप्रस की हिस्सेदारी रही।

## खास खबर

### मोटर साइकिल को चमकाए सफेद टूथपेस्ट से

**नई दिल्ली।** आप अपनी मोटर साइकिल को घर पर ही चमका सकते हैं। इसके लिए आपको सर्विस सेंटर जाने की जरुरत नहीं है। इसके लिए आपको चाहिए सिर्फ सफेद टूथपेस्ट, एक मुलायम कपड़ा और थोड़ा पानी। बाइक को चमकाने के लिए सबसे पहले आपको बाइक की सतह को गीले कपड़े से साफ करना होगा ताकि उस पर जमी धूल और गंदगी हट जाए। फिर, सफेद टूथपेस्ट को हल्के स्क्रैच और गंदे हिस्सों पर लगाएं। टूथपेस्ट के हल्के घर्षणकारी गुण बाइक की सतह पर जमी गंदगी, हल्के स्क्रैच और ऑक्सिडेशन को हटाने में मदद करते हैं। इसके बाद, गीले माइक्रोफाइबर कपड़े से टूथपेस्ट को सर्कुलर मोशन में रगड़ें। इस प्रक्रिया से स्क्रैच और गंदगी धीरे-धीरे हटने लगती है और बाइक की सतह पर चमक आ जाती है। जब टूथपेस्ट रगड़ने के बाद पूरी तरह से हट जाए, तो एक साफ और गीला कपड़ा लें और इसे अच्छे से पोंछ दें। इसके बाद बाइक को सूखे कपड़े से पोंछ कर चमका लें। इस तरीके से आपकी बाइक को सर्विस सेंटर जैसी चमक मिल सकती है। हालांकि, ध्यान रखें कि यह तरीका केवल हल्के स्क्रैच और धातु या प्लास्टिक की सतहों पर ही इस्तेमाल करें। पेंट वाली सतहों पर इसे ज्यादा रगड़ने से बचें।

### नए साल में हुंडई बढाएगी अपनी कारों की कीमत

**नई दिल्ली।** नए साल में हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने अपने वाहनों की कीमते बढ़ाने का फैसला लिया है। कंपनी ने नए साल में 25,000 रुपये तक की वृद्धि करने की घोषणा की है। हुंडई ने बताया कि कच्चे माल की लागत, महंगे एक्सचेंज रेट और बढ़ती लॉजिस्टिक्स लागत के कारण यह कदम उठाना पड़ा है। एचएमआईएल के मुख्य परिचालन अधिकारी, तरुण गर्ग ने कहा कि कच्चे माल की कीमतों में निरंतर वृद्धि के कारण कंपनी के लिए इसे कीमतों में हल्के बदलाव के रूप में ग्राहकों पर असर डालने से बचना संभव नहीं था। यह मूल्य वृद्धि सभी मॉडलों पर लागू होगी, और कीमतों में वृद्धि की सीमा 25,000 रुपये तक होगी। वर्तमान में, एचएमआईएल की विभिन्न वाहन श्रृंखलाओं की कीमतें 5.92 लाख रुपये से लेकर 46.05 लाख रुपये तक हैं। हालांकि, कंपनी ने यह भी कहा कि वह हमेशा बढ़ती लागत को अपने ऊपर लेने की कोशिश करती है, ताकि ग्राहकों पर इसका न्यूनतम प्रभाव पड़े। इसके साथ ही, हुंडई मोटर ग्रुप ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है।

### निसान ने की कुल 513,241 यूनिट्स की बिक्री

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में निसान मोटर इंडिया ने अपनी बिक्री के 5 लाख यूनिट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। अब तक कंपनी ने कुल 513,241 यूनिट्स की बिक्री की है। इस बिक्री में नवंबर महीने की 9,040 इकाइयों की थोक बिक्री भी शामिल है, जिसमें सबसे ज्यादा डिमांड निसान की एसयूवी, निसान मैग्नाइट के लिए देखी गई। इन 9,040 इकाइयों में से 2,342 यूनिट्स घरेलू स्तर पर बेची गईं, जबकि 6,698 इकाइयों का निर्यात किया गया। नवंबर में थोक डिस्पैच में अक्टूबर के मुकाबले 62प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें अक्टूबर में केवल 5,570 यूनिट्स की बिक्री हुई थी। निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जहां अक्टूबर में 2,449 यूनिट्स का निर्यात किया गया था, वहीं नवंबर में यह आंकड़ा 173.5 प्रतिशत बढ़कर 6,698 यूनिट्स तक पहुंच गया।

### होंडा की तीन नई कारें लॉन्च करने की योजना

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में होंडा कार्स इंडिया ने 2026-2027 तक तीन नई कारें लॉन्च करने की योजना है। इन कारों में एक कंपनी की पहली पूरी तरह से इलेक्ट्रिक (ईवी) कार होगी। होंडा कार्स इंडिया के प्रेसिडेंट और सीईओ, ताकुया त्सुमुरा ने इस योजना की जानकारी दी। यह इलेक्ट्रिक कार होंडा की नई एसयूवी एलिवेट पर आधारित होगी, जिसे विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन के लिए डिजाइन किया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को 10 विकेट से हराया

▸ सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले गए दूसरे टेस्ट (डे-नाइट) मैच में भारतीय टीम को 10 विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने बिना कोई विकेट गंवाए आसानी से हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर हो गई है। सीरीज का पहला टेस्ट भारतीय टीम ने 295 रन से अपने नाम किया था। मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने पहली पारी में 180 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए और 157 रनों की बढ़त हासिल की। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 175 रन बनाए और 18 रन की बढ़त हासिल की। इस तरह मेजबान टीम को 19 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बिना कोई नुकसान के जीत दर्ज कर ली। सलामी बल्लेबाजी उस्मान ख्वाजा नौ रन और नाथन मैकस्वीनी 10 रन बनाकर नाबाद रहे। सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन में 14 दिसंबर से खेला जाएगा। भारतीय टीम ने रविवार को पांच विकेट पर 128 रन से आगे खेलना शुरू किया। तीसरे दिन के पहले ही ओवर में बड़ा झटका लगा। ऋषभ पंत स्लिप में कैच आउट हो गए। पंत ने 28 रन बनाए। इसके बाद रविचन्द्रन अश्विन भी कुछ खास नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हो गए। हर्षित राणा खाता भी नहीं खोल सके। नीतीश रेड्डी ने जरूर बल्ले से कुछ रन बटोरे। वह अर्धशतक से चूक गए और 47 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में मोहम्मद सिराज सात रन बनाकर आउट हुए और भारत की दूसरी पारी 175 रन पर सिमट गई। इससे पहले शनिवार को दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 रन, केएल राहुल सात रन, शुभमन गिल 28 रन, विराट कोहली 11 रन और कप्तान रोहित शर्मा छह रन बनाकर आउट हुए थे।



### ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 337 रन बनाए, हेड का शतक, लाबुशेन ने लगाया अर्धशतक

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड ने 141 गेंदों पर 17 चौके और 4 छक्के की बदौलत 140 रन बनाए। हेड के अलावा मार्नश लाबुशेन ने भी 64 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा नाथन मेकस्विनी ने 39 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने 4-4 और नीतीश रेड्डी और रविचन्द्रन अश्विन ने 1-1 विकेट लिया।

### भारत की पहली पारी 180 पर सिमटी, नीतीश रहे शीर्ष स्कोरर

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए। भारत के लिए नीतीश रेड्डी शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने 42 रन बनाए। नीतीश के अलावा केएल राहुल ने 37, शुभमन गिल ने 31, रविचंद्रन अश्विन ने 22 और ऋषभ पंत ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टॉर्क ने 6 विकेट झटके। स्टॉर्क के अलावा कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट लिए।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने भारतीय टीम को हराया

▸ सीरीज में 2-0 से आगे हुई

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल के शतकों से ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने यहां दूसरे एकदिवसीय मैच में भारतीय महिला टीम को 122 रनों से हराने के साथ ही 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पैरी ने 105 जबकि वोल ने 101 रन बनाये इससे मेजबान टीम ने आठ विकेट पर 371 रनों का सबसे बड़ा एकदिवसीय स्कोर बनाया। जीत के लिए मिले इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 249 रन ही बना पायी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए फोबे लिचफील्ड 60 और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरूआत दिलाई। वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल के आउट होने के बाद पैरी की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रही। उसने बेथ मूनी 56 के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट वहीं रेणुका सिंह ने 78 रन पर एक विकेट लिया।, दीप्ति शर्मा ने 59 रन देक एक विकेट जबकि प्रिया मिश्रा ने भी 88 रन पर एक विकट लिया। मेजबान टीम ने पहले मैच में भी भारतीय टीम को 5 विकेट से हराया था। ऐसे में अब वह सीरीज में 2-0 से आगे हो गयी है।



## शमी भेजे जा सकते हैं ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को बॉर्डर गावस्कर सीरीज के बचे हुए मैचों के लिए शीघ्र ही ऑस्ट्रेलिया भेजा जा सकता है। भारतीय टीम को सीरीज के दूसरे ही मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में शमी के जाने से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर से दबाव कम होगा। शमी अभी बंगाल की ओर से सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में खेल रहे हैं। यहां उनको फिटनेस में अभी तक कोई समस्या नहीं हुई है। ऐसे में एनसीए की मेडिकल टीम उनकी फिटनेस की जांच करेगी और सब कुछ ठीक होने पर उन्हें दौरे पर भेजा जा सकता है। ऐसे में माना जा रहा है कि वह 26 दिसंबर ह्यबॉक्सिंग डेह्ल से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट में खेल सकते हैं। वहीं प्राप्ति जानकारी के अनुसार शमी की किट पहले ही ऑस्ट्रेलिया भेज दी गई है। ऐसे में अब वह मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूनामेंट के पूरा होने के बाद ऑस्ट्रेलिया जाएंगे ह्ल शमी पिछले एक साल से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने भारतीय टीम की ओर से पिछला टूनामेंट नवंबर 2023 में एकदिवसीय विश्व कप खेला था। उसके बाद से ही टखने की सर्जरी के कारण उन्हें लंबे समय तक टीम से बाहर रहना पड़ा। दूसरी ओर बंगाल के मुख्य कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला ने कहा, शमी चंडीगढ़ के खिलाफ हमारे लिए प्री-क्वार्टर फाइनल खेलेंगे।वह कल तक बेंगलुरु में हमारे साथ जुड़ जाएंगे. हालांकि, मुझे नहीं पता कि अगर हम क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं तो वह उपलब्ध होंगे या नहीं।



## पहले टेस्ट की हार को भूलकर उतरने से मिली ये जीत : स्टार्क

एजेंसी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने यहां भारतीय टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिली शानदार जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि उनकी टीम पर्थ में मिली असफलता को भुलाकर इस मैच में उतरी थी। इसलिए उसे इसमें अच्छी सफलता मिली। स्टार्क के अनुसार पहले टेस्ट में मिली हार के बाद उनकी टीम ने बाहर की बातों पर ध्यान न देते हुए प्रसास किया जिससे वह वापसी में सफल रही। पर्थ में खेले गये पहले टेस्ट में भारत को पहली पारी में सिर्फ 150 रन पर आउट करने के बावजूद 295 रन की शर्मनाक हार से मेजबान टीम को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। स्टार्क ने दूसरे टेस्ट की पहली ही गेंद पर यशस्वी जयसवाल को आउट करके ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरूआत दिलायी। उन्होंने इस मैच में 108 रन पर आठ विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में इस गेंदबाजी ने छह विकेट लेकर भारतीय टीम पर दबाव बना दिया। स्टार्क ने कहा, पहले मैच के बाद बाहर काफी शोर हुआ था पर हमने पर्थ की निराशा को पर्थ में ही छोड़ दिया था।




## ये सप्ताह हमारे लिए अच्छा नहीं रहा : रोहित

**ऐडीलेड ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में मिली करारी हार पर निराशा जताते हुए कहा कि यह सप्ताह हमारे लिए अच्छा नहीं रहा और हम पर्याप्त रन नहीं बना पाये। भारतीय टीम को इस मैच में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। टीम के बल्लेबाज दोनो ही पारियों में विफल रहे जिसे टीम एक बार भी 90 ओवरा पूरे नहीं खेल पायी। रोहित ने टीम के प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए कहा, हमारे लिए निराशाजनक सप्ताह रहा, हम खेल जीतने के लिए पर्याप्त रूप से अच्छा नहीं खेले और मेजबान टीम ने हर क्षेत्र में हमसे बेहतर खेला। खेल में कई बार ऐसे अवसर आए जब हम उनका लाभ उठाकर हावी हो सकते थे पर हम ऐसा नहीं कर पाये जिससे हमें हार का समाना करना ।

## झारखंड दिव्यांग महिला क्रिकेट टिम उपविजेता हो कर लौटी रांची

**रांची।** दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित उमाग दिव्यांग महिला क्रिकेट टूनामेंट जो कि 04 से 06 दिसंबर तक मध्यप्रदेश के भोपाल शहर ओल्ड चैंपियांन ग्राउंड मे सम्पन्न हुआ। इस टूनामेंट मे छः राज्यों झारखंड, जम्मू कश्मीर, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र, तेलंगाना, और केरल ने हिस्सा लिया । झारखण्ड के टीम को संजुकता एक्का कें कप्तानी मे खेला गया। झारखण्ड ने जम्मू कश्मीर और महारष्ट्र को हराकर फाइनल में पहुंचे । 06 दिसंबर को मध्यप्रदेश के साथ फाइनल खेला गया । फाइनल मैच मे मध्यप्रदेश से झारखंड 5 रन से हार कर उप विजेता रहा । इस पूरे टूनामेंट मे मैन ऑफ दा सीरीज और बेस्ट बैट्समैन का खिताब झारखंड के कप्तान संजुक्ता एक्का को एवं बेस्ट बॉलर का खिताब महिमा उरांव को दिया गया झारखंड उपविजेता टीम को पुरुस्कार ट्रॉफी के साथ नगद राशि दिया गया। पहली बार झारखंड के दिव्यांग महिला खिलाड़ी ने डे नाइट सीरीज खेल कर इतिहास रचा । पूरे टिम को झारखंड पैरा ओलंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के सचिव एवं अंतरास्ट्रीय खिलाड़ी मुकेश कंचन ने रांची रेलवे स्टेशन पर हौसला अफजाई करते हुए स्वागत किया। उन्होंने सभी खिलाड़ी को शुभकामना देते हुए पुनः तैयारी करने को कहा। भूरे टिम को राहुल मेहता अध्यक्ष झारखंड डिसेबल क्रिकेट एसोसिएशन, सरिता सिन्हा सचिव, उपाध्यक्ष पतरस तिर्की, समाज सेवी जगदीश सिंह जग्गू, ने बधाई दिया। इस टीम मे संजुकता एक्का कप्तान, प्रतिमा तिर्की, महिमा उरांव, असुनता टोप्पो, सरिता मुंडा, सुनीता कुमारी, तारमणि लकड़ा, निक्की कुमारी,जयश्री कुमारी, अनिता तिर्की, पुष्पा मिंज, पवन लकड़ा टीम मैनेजर, शैलेन्द्र, सुष्मिता शामिल थे ।




## गावस्कर ने नीतीश को भविष्य का सितारा बताया

एजेंसी

**एडीलेड ।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने यहां गुलाबी गेंद से खेल जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए युवा नीतीश रेड्डी की जमकर प्रशंसा की है। नीतीश ने यहां भारतीय टीम की ओर से पहली पारी में सबसे अधिक रन बनाये। नीतीश ने पहले टेस्ट में भी अच्छी बल्लेबाजी की थी। दूसरे टेस्ट में जब भारतीय टीम संकट में थी। उस समय नीतीश ने निडर होकर आक्रामक बल्लेबाजी की थी। उसी कारण से भारतीय टीम पहली पारी में 180 रन तक पहुंच पायी। नीतीश ने सबसे अधिक 42 रन बनाये। अपनी पारी में नीतीश ने 3 चौके औ? 3 छक्के लगाए। पारी के दौरान नीतीश ने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की गेंदों पर भी आसानी से बड़े शॉट लगा दिये। जिससे प्रशंसक भी उत्साहित हैं। नीतीश ने रिवर्स स्वीप और कवर के ऊपर से कई ऐसे शॉट मारे जिसे देखकर हर कोई हैरत में पड़ गया। गावस्कर भी नीतीश की इसी खूबी से बेहद प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से इस युवा ने अब तक खेला है उससे तय है कि ये भविष्य में एक स्टार क्रिकेटर बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि, उसने जिस अंदाज में शॉट मारे उसे देखकर समझा जा सकता है कि उसमें कितना आत्मविश्वास हैं। उसने बिना किसी डर के उसने बल्लेबाजी की औ? दिखाया कि उसके अंदर भरपूर टैलेंट है.। इससे पता चलता है कि उसमें एक शीर्ष खिलाड़ी बनने की प्रतिभा है। साथ ही कहा कि वह आने वाले समय में भारत के लिए लगातार टेस्ट खेलते हुए एक नया सुपरस्टार बनेगा। गावस्कर ने भी कहा कि, उसने अपने दूसरे ही टेस्ट में जिस अंदाज में रिवर्स शॉट मारे हैं उसे देखकर मैं हैरान रह गया हूं।



### सिराज ने हेड के दावों को गलत बताते हुए कहा

## मैंने कोई टिप्पणी नहीं की थी

एजेंसी

**एडिलेड ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां हुए दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ट्रेविस हेड के बीच विवाद भी हुआ। उसी को लेकर सिराज ने हेड के दावे को गलत बताया है। सिराज ने कहा कि मैंने हेड पर कोई टिप्पणी नहीं की थी। इस मैच में विवाद उस समय शुरू हुआ जब सिराज ने छक्का लगने के तुरंत बाद हेड का विकेट लिय। आउट होने के बाद सिराज ने ड्रेसिंग रूम की ओर कुछ इशारा किया, जिस पर हेड ने प्रतिक्रिया दी। इस घटना को लेक हेड ने कहा कि उन्होंने सिराज की गेंद की तारीफ की थी पर उनका मानना था कि इस पर जश्न मनाने की जरुरत नहीं थी ह्येड ने कहा, मैंने वास्तव में मजाक में कहा था अच्छी गेंदबाजी की, फिर उन्होंने मुझे शेड की ओर इशारा किया, इसपर मैंने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। मैं इसे ज्यादा खींचना नहीं चाहता था इसलिए पेवेलियन की ओर बढ़ या। वहीं दूसरी ओर पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह के साथ बातचीत में सिराज ने हेड के दावे को गलत बताया। सिराज ने कहा, आपने टीवी पर जो कुछ भी देखा, वह मेरे जश्न का हिस्सा था और मैंने किसी के प्रति अनादर नहीं जताया। उन्होंने कभी नहीं कहा कि अच्छी गेंदबाजी की।




## ऑस्ट्रेलिया डब्लयूटीसी अंक तालिका में शीर्ष पर

▸ तीसरे स्थान पर फिसली भारतीय टीम

एजेंसी

**एडीलेड ।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में मिली करारी हार के बाद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनपशिप (डब्लयूटीसी) अंक तालिका में तीसरे स्थान पर फिसल गयी है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले स्थान पर जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर आ गयी है। ऐसे में अगले साल जून में लॉर्ड्स में होने वाला फाइनल के किन टीमों के बीच होगा। ये तय नहीं हो पाया है। 2023-25 चक्र के लिए दक्षिण अफ्रीका (पीसीटी 59.26) इस दौड़ में भारत (पीसीटी 57.29) से आगे निकल गया है और अब दूसरे नंबर पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया (पीसीटी 60.71) पहले स्थान पर है। एडिलेड टेस्ट की शुरूआत से पहले तालिका में शीर्ष पर रहने वाली भारतीय टीम दो स्थान नीचे फिसलकर तीसरे स्थान पर आ गयी है। पहले भारतीय टीम को अपनी दावेदारी पक्की करने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेच हुए तीन ही मैच जीतने होंगे। अंक तालिक में अब टीमों की स्थित इस प्रकार है। ऑस्ट्रेलिया ने 14 में से 9 मैच जीते हैं और व 60.71 अंक प्रतिशत के साथ ही पहले स्थान पर है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम 9 मैच में से 5 जीतकर 59.26 अंक प्रतिशत लेकर दूसरे नंबर पर है जबकि भारतीय टीम 16 मैचों में से 9 जीतकर 57.29 अंक प्रतिशत के साथ ही तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका 10 में से 5 मैच जीतकर 50 अंक प्रतिशत के साथ ही चौथे नंबर पर है। इंग्लैंड 21 मैचों में से 11 जीतकर 45 अंक प्रतिशत के साथ ही पांचवे नंबर पर है। वहीं न्यूजीलैंड और पाक 6 और 7 नंबर के साथ ही रेस से बाहर हो गये हैं। इनके 44 और 33 अंक प्रतिशत हैं।





हांगकांग में अमेरिका की ओलीविया वीवर और मिस्र की नोर अल महिला सेमीफाइनल में खेलती हुई।

### खास खबर

#### न्यूजीलैंड की टीम डब्यूटीसी फाइनल से बाहर

**वैलिंगटन ।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 323 रनों से मिली हार के साथ ही न्यूजीलैंड की टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) फाइनल की रेस से बाहर हो गयी है। कीवी टीम को पहले मैच में भी 8 विकेट के हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को कोई अवसर नहीं दिया। उसने इस मैच में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 583 रन का बड़ा लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए कीवी टीम केवल 259 रन पर ही आउट हो गयी। उसे जीत के लिए अंतिम दोनों ही टेस्ट मैच जीतने थे पर उसमें वह असफल रही। अब फाइनल की रेस में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीम है।

#### कमाई में भी पीछे नहीं हैं ईशान

**मुम्बई ।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आजकल अपनी वापसी के प्रयास में लगे हैं और जब भी अवसर मिले बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करते हैं। ईशान अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस बार उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड का केन्द्रीय अनुबंध नहीं मिला है। इसके बाद भी उनकी कमाई करोड़ों में है। एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल नेटवर्क 62 करोड़ रुपए के करीब है। वह आईपीएल से ही करोड़ों कमा लेते हैं। आईपीएल 2024 तक मुंबई इंडियंस ने ईशान को 15.25 करोड रुपए में रखा था। वहीं इस बार उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड रुपए देने में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट से भी उन्हें एक अच्छी रकम मिल जाती है। इसके अलावा या बल्लेबाज ब्रांड एंडोर्समेंट के जरिए भी अच्छी कमाई कर लेता है। सोशल मीडिया अकाउंट पर अच्छी फैन फॉलोइंग होने के कारण कंपनियां इन्हें विज्ञापन करने का ऑफर देती हैं। ईशान किशन की ब्रांड वैल्यू में भी काफी उछाल देखने को मिला है पिछले 2 सालों में उनकी फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा बढ़ी है।


#### एटकिंसन ने हैट्रिक लगायी

**वैलिंगटन ।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां जारी दूसरे टेस्ट मैच में हैट्रिक लगाने के साथ ही एक नया रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ ही एटकिंसन इंग्लैंड की और से हैट्रिक लगाने वाले चौथे गेंदबाज बन गए हैं। वहीं बेसिन रिजर्व में यह पहली बार है जब किसी गेंदबाज ने टेस्ट में हैट्रिक लगायी है। एटकिंसन ने 31 रन देकर 4 विकेट लिए। एटकिंसन ने 34वें ओवर में नाथन स्मिथ, मैट हेनरी और टिम साउदी को लगातार गेंदों पर आउट किया। उनकी शानदार गेंदबाजी के बल पर इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड की टीम को पहली पारी को केवल 125 रनों पर ही आउट कर दिया। वहीं इंग्लैंड की ओर से ब्रायडन कार्स ने भी चार विकेट लिए जबकि क्रिस वोक्स और स्टोक्स को एक-एक सफलता मिली। इसके बाद जैकब बेथेल 96 और बेन डकेट के 92 रनों की सहायता से से इंग्लैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 378 रन बनाकर 533 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर ली!

#### सूर्यकुमार कर सकते हैं मुम्बई इंडियंस की कप्तानी

**मुम्बई ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या प्रतिबंध के कारण आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पंड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। ऐसे में पहले मैच में मुम्बई इंडियंस को किसी और खिलाड़ी को कप्तान बनाना होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को इस मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी मिलेगी। सूर्या के अलावा अन्य कोई खिलाड़ी बड़ा दावेदार नहीं दिखता। पंड्या पर ये प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है क्योंकि वह पिछले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान थे और तब टीम अपना अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलत हुए तय समय पर ओवर पूरे नहीं कर पायीं थीं। इस प्रकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसआई) के नियमों के अनुसार, पंड्या को एक मैच का प्रतिबंध झेलना होगा, चाहे वह किसी नई टीम से भी जुड़ जायें।

# करियर में कैसे पाएं सफलता?



आज के दौर में हर फील्ड में प्रतिस्पर्धा है। ऐसे में करियर में सफलता मिलना आसान नहीं है। लेकिन अगर आप सही दिशा में काम करें तो आपके सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है। ऐसे में आइए हम आपको यहां पर कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिनका पालन करके आप करियर में सफल हो सकते हैं।

हर कोई सफलता को अलग-अलग तरीके से परिभाषित करता है। कई लोग करियर की सफलता को इस आधार पर परिभाषित करते हैं कि उन्हें काम में मजा आ रहा है? वहीं, कुछ लोगों के करियर में सफलता का मतलब, अच्छी सैलरी, कम काम आदि है। हर व्यक्ति में अपने करियर में कामयाब होना चाहता है। कुछ को करियर में सफलता जल्दी नसीब हो जाती है। जबकि कुछ को देर में या फिर सफलता नसीब होने के बजाय जीवनभर संघर्ष ही करना पड़ता है।

## सही करियर का चुनाव

चाहे आप अभी-अभी वर्कफोर्स में प्रवेश कर रहे हों या आप पहले से ही अपने करियर में स्थापित हो चुके हों। लेकिन पहले आप सुनिश्चित करें कि आपने सही पेशा चुना है? विचार करें कि क्या आप स्वयं को प्रतिदिन अपना कार्य करते हुए देख सकते हैं। आपका काम आपके व्यक्तित्व, आपकी रुचियों और आपके मूल्यों के अनुरूप होना चाहिए। अगर आपने ऐसा करियर चुन लिया है, जिसमें आपका मन नहीं लग रहा है तो आप अपने करियर में कभी सफल नहीं हो सकेंगे।

## खुद की पसंद से करें करियर का चुनाव

जब आपके करियर की बात आती है तो आपके परिवार और दोस्तों की बहुत सारी राय हो सकती है। लेकिन आप उनके इनपुट के आधार पर ऐसा करियर चुने, जिसमें आपको मजा आता हो। अगर आप दूसरों के दबाव में करियर चुनाव करेंगे तो आप कभी-कभी उसमें अच्छा नहीं कर पाएंगे।

## खुद से पूछे कि आप किस तरह की सफलता चाहते हैं?

जब सफलता की बात आती है तो हर किसी की एक अलग परिभाषा होती है। उदाहरण के लिए कुछ लोग इसे सैलरी से परिभाषित करते हैं। जबकि कुछ लोग काम घंटों, सैलरी सहित अन्य पैमानों के आधार पर सफलता को परिभाषित करते हैं। ऐसे में सही होगा कि आप खुद ही सफलता के पैमाने का निर्धारण करें।

## अपनी गलतियों को ठीक करें और सीखें

आपका अनुभव चाहे जो भी हो, आप गलतियां करने के लिए बाध्य हैं, भले ही आप उनसे बचने की कोशिश करें। जब आप कोई गलती करते हैं तो अपनी गलती स्वीकार करना और उसे ठीक करने के तरीके पर काम करना महत्वपूर्ण है। समय पर ठीक करें।

## लोगों से लें मदद

जैसे-जैसे आप अपने करियर में आगे बढ़ते हैं, वैसे-वैसे आपको किसी अन्य की मदद की भी जरूरत होती है। ऐसे में आप अपने से ज्यादा जानकारी वाले लोगों के संपर्क में रहें और समय-समय पर उनसे मार्गदर्शन लेते रहें। यदि आपने अभी तक अपनी पसंद के क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया है, तो किसी गुरु से आप जिस व्यवसाय पर विचार कर रहे हैं उसके बारे में और जानें। मार्गदर्शन प्राप्त करने से आपको अपने लक्ष्यों को अधिक कुशलता से प्राप्त करने में मदद मिल सकती है और यह सुनिश्चित हो सकता है कि आप सही करियर पथ पर हैं।

## अपनी सफलता के लिए खुद से करें प्रयास

अपनी सफलता के लिए खुद भी प्रयास करें। अपनी पिछली उपलब्धियों पर विचार करें व अपनी सफलताओं पर किसी के बधाई देने की प्रतीक्षा करने के बजाय, उन्हें स्वयं पहचानें और अपने करियर में अब तक जो कुछ भी हासिल किया है उस पर गर्व करें। ऐसा करने से आपको अपनी अगली उपलब्धि या लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने में मदद मिल सकती है।

## पॉजिटिव रहने की करें कोशिश

भले ही आपको लगने लगे कि आप अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए अच्छे नहीं हैं, फिर भी पॉजिटिव मानसिकता बनाए रखें। ऐसे किसी भी विचार को त्याग दें जो आपके आत्मसम्मान पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता हो। इसके बजाय, आप जिस चीज़ में अच्छे हैं उस पर ध्यान केंद्रित करें। यदि आपके पास स्किल नहीं है और आपको लगता है कि आपको उन्हें सुधारने की जरूरत है तो उसपर काम करें।



## दमदार साउंड वाला छोटू स्पीकर लाया सोनी, लगातार 25 घंटे सुनाएगा गाने

इस साल की शुरुआत में सोनी ने ग्लोबल मार्केट में LinkBuds ब्लूटूथ स्पीकर लॉन्च किया था। यह स्पीकर अब चीन में लॉन्च कर दिया है। स्पीकर बेहद कॉम्पैक्ट साइज में आता है और इसे आसानी से बैग में रखकर कहीं भी ले जाया जा सकता है। कंपनी का कहना है कि 10 मिनट की चार्जिंग में यह 70 मिनट तक गाने सुना सकता है। यह 50न्न वॉल्यूम पर लगातार 25 घंटे तक गाने सुना सकता है। कितनी है कीमत और क्या है इस स्पीकर में खास, चलिए डिटेल में बताते हैं सबकुछ...

Sony LinkBuds Speaker के बेसिक स्पेसिफिकेशन

सोनी ने लिंकबड्स ब्लूटूथ स्पीकर के चाइनीज वेरिएंट को खासतौर से चाइनीज म्यूजिक से हिसाब से ट्यून किया है। कंपनी का कहना है कि यह 50% वॉल्यूम पर 25 घंटे तक का प्लेबैक टाइम प्रदान करता है, यानी एक बार चार्ज कर इसमें लंबे समय तक गाने सुने जा सकते हैं। इतना ही नहीं, स्पीकर क्विक चार्जिंग को भी सपोर्ट करता है, जो केवल 10 मिनट के चार्जिंग में 70 मिनट का प्लेटाइम प्रदान करता है।

साउंड भी दमदार

इसमें डुअल-स्पीकर सिस्टम लगा हुआ है। इसमें 10W पावर आउटपुट वाला 16 एमएम हाई-फ्रीक्वेंसी ड्राइवर और 12W पावर आउटपुट वाला 48×56 एमएम मिड-लो फ्रीक्वेंसी ड्राइवर लगे हुए हैं। इसके अलावा, इसमें दो पैसिव रेडिएटर भी लगे हैं, जो बास रिस्पॉन्स और ओवरऑल साउंड क्वालिटी को बढ़ाते हैं। यह एक बिल्ट-इन एम-मास्टर एम्पलीफायर के साथ आता है, जो क्रिस्प और इमर्सिव ऑडियो परफॉर्मेंस सुनिश्चित करता है।

मल्टी-डिवाइस पेयरिंग भी

यह स्पीकर सहज कनेक्टिविटी और मल्टी-पॉइंट पेयरिंग के लिए ब्लूटूथ 5.2 को सपोर्ट करता है, जिससे यह एक साथ दो डिवाइस से कनेक्ट हो सकता है। इसमें ऑटो स्विच फंक्शनलिटी है, जिससे कम्पैटिबल सोनी हेडफोन और स्पीकर के बीच म्यूजिक आसानी से फ्लो होता है। यह फीचर WH-1000XMz, WF-1000XMz, लिंकबड्स फिट, लिंकबड्स ओपन और लिंकबड्स एस जैसे मॉडल्स के साथ कम्पैटिबल है, जिन्हें अपडेट और कॉन्फिगरेशन के लिए सोनी साउंड कनेक्ट ऐप की आवश्यकता होती है।


क्विक एक्सेस बटन, वायरलेस चार्जिंग

इसमें क्विक एक्सेस बटन भी है, जिससे यूजर QQ म्यूजिक या एंडेल जैसे ऐप से अपना पसंदीदा गाना तुरंत चला सकते हैं। इसके अलावा, यह स्टीरियो पेयरिंग को सपोर्ट करता है, जिससे दो स्पीकर एक सराउंड साउंड एक्सपीरियंस प्रदान करते हैं। इस स्पीकर में कॉम्पैक्ट और पोर्टेबल डिजाइन है, जिसमें एक डेडिकेटेड वायरलेस चार्जिंग डॉक और सुविधा के लिए एक बिल्ट-इन हैंडल है। धूल और पानी से सुरक्षित रहने के लिए इसे IPX4 रेटिंग दी गई है।

सोनी साउंड कनेक्ट ऐप कई तरह के फीचर्स भी प्रदान करता है, जिसमें इक्वलाइजर, ऑटो प्ले और बेहतर उपयोगिता के लिए कस्टम सेटिंग्स शामिल हैं। इसका डाइमेंशन 84×110×90 एमएम है, और इसका वजन लगभग 520 ग्राम है।

स्पीकर की कीमत और उपलब्धता

सोनी लिंकबड्स ब्लूटूथ स्पीकर 1,299 युआन (करीब 15,000 रुपये) में उपलब्ध है। इसे ब्लैक और लाइट ग्रे कलर ऑप्शन में खरीदा जा सकता है। यह स्पीकर सोनी के ऑफिशियल चैनल्स और अथॉराइज्ड रिटेलर्स के माध्यम से चीन में खरीदने के लिए उपलब्ध है।



# जीजाबाई का सपना

**माँ जीजाबाई अपने छोटे से बेटे को रोज कहानियाँ सुनाती थी। वे कहानियाँ ध्रुव, प्रह्लाद और अभिमन्यु की थीं।भारत के उन महान वीरों और रणबाँकुरों की भी, जिनके शौर्य और वीरता ने एक नया इतिहास रचा। वह बालक भी उन्हें सुनता है और माँ से कहता है, माँ, मैं भी बड़े होकर बड़े-बड़े काम करूँगा। बड़ी-बड़ी लड़ाइयाँ लड़कर देश को स्वाधीन करूँगा।**

शाबाश बेटे। माँ के होंठों से निकलता है और आँखों से अपने नन्हे से पुत्र के लिए ममता बरसने लगती है।

माँ, क्या तुम्हें मुझ पर यकीन नहीं है? नन्हा सा बेटा पूछता है।

पूरा यकीन है बेटे, इसीलिए तो तुझे मैं रोज देश के महान गौरव की कथाएँ सुनाती हूँ। मुझे पूरा विश्वास है कि तू एक दिन भारत भूमि को स्वाधीन करके इसके गौरव की रक्षा करेगा। महाराष्ट्र में शिवनेरी के पहाड़ी किले में जन्मा था यह वीर बालक। माँ जीजाबाई ने शिवा भवानी से बेटे की कामना की थी, इसलिए बेटे का नाम शिवा रखा गया। शिवाजी के पिता शहाजी ने तुकाबाई मोहते के साथ दूसरा विवाह कर लिया था और उसके साथ वे नई जागीर में रहने लगे थे। जीजाबाई अपने बेटे शिवा को लेकर पूना के निकट एक छोटी सी जागीर में रहने के लिए आ गईं। शहाजी ने दादाजी कोंडदेव को इस जागीर के प्रबंध का जिम्मा सौंपा। दादाजी बड़े वीर और बुद्धिमान थे। उन्होंने पूना में जीजाबाई के रहने के लिए लालमहल बनवाया और कुशलता से जागीर का प्रबंध सँभालने लगे।

दादा जी ने ही मुगलों के खिलाफ लड़ने का अपार साहस भरा। उन्होंने ही शिवा को व्यूह-रचना सिखाई और छापामार लड़ाई से दुश्मन को ध्वस्त करने की रणमीति भी। अब तो शिवा के भीतर नया जोश जाग गया। देश और जननी के लिए कुछ करने की आकांक्षा करवट लेने लगी। जैसे-जैसे शिवाजी बड़े हुए उनके भीतर यह संकल्प और भी मजबूत होता गया कि अपना तन-मन-धन सब कुछ समर्पित करके, हमें इस महान देश की स्वतंत्रता, गौरव और स्वाभिमान की रक्षा करनी होगी। देश की रक्षा के लिए जीवन भर लड़ने और अपना सब कुछ बलिदान कर देने वाले वीरों की सेना बनाकर अपना अभियान शुरू करना होगा।

और जल्दी ही उन्होंने ऐसे तरुणों को इकट्ठा कर लिया, जिनकी रग-रग में देश के स्वाभिमान की लहर हिलोरें लेती थी और वह निरंतर उन्हें देश पर मर मिटने की प्रेरणा देती थी।

जल्दी ही शिवाजी ने अपनी छोटी सी लेकिन बड़ी ही लड़ाकू सेना बना ली। उन्होंने समझ लिया था कि भारतीय जनता को हीनता से उबारकर उसमें आत्मबल का संचार करने और उसे ऊँचे आदर्शों की राह पर ले जाने के लिए एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना बहुत जरूरी है। बस, अब वे प्राण-प्रण से इसी योजना में जुट गए और जल्दी ही सामरिक महत्व के कुछ छोटे पहाड़ी किले उन्होंने जीत लिए।

इससे उनका आत्मविश्वास और बढ़ गया था। माता जीजाबाई का आशीर्वाद उनके साथ था। बड़े वीर और जुझारू साथी उन्हें मिल गए थे। मन में नई हिलोरें थीं। फिर भला उन्हें आगे बढ़ने से कौन रोक सकता था?

फिर दादा कोंडदेव का बड़ा ही कुशल मार्गनिर्देशन पग-पग पर मिलता था। दादाजी कोंडदेव पिता के समान ही प्यार से उन्हें युद्ध और राजनीति की शिक्षा देते थे। इससे शिवाजी के भीतर साहस और सूझ-बूझ पैदा हुई। उन्होंने युद्ध लड़कर अपना स्वतंत्र राज्य स्थापित करने का निश्चय कर लिया। पूना जिले में तब कोली लोग रहते थे, जो लूटपाट और डकैती करते थे। दादाजी ने धीरे-धीरे इन्हें युद्ध और देशभक्ति की शिक्षा दी और यही लोग पहले-पहल शिवाजी के सैनिक बने।

शिवाजी ने मावले लोगों की ऐसी वीर सेना बना ली जो हर खतरे से लड़ सकती थी। वे दुश्मन के किले में घुसकर ऐसी मारकाट मचाते कि वे भौचक्के होकर भाग खड़े होते और दुर्ग पर शिवाजी का झंडा लहराने लगता। लोग कहते, शिवाजी से जीतना आसान नहीं है। उन्हें तो सचमुच शिवजी का आशीर्वाद प्राप्त है और वही उनकी रक्षा करते हैं। शिवाजी अपने सैनिकों से बहुत प्रेम करते थे और उनके हर सुख-दुख की परवाह करते थे। इसलिए सैनिक शिवाजी पर जान छिड़कते थे। विजयपुर राज्य की हालत बिगड़ने पर शिवाजी ने अपने वीर सैनिकों की मदद से तोरणा किला जीता और उसका नाम राजगढ़ रखा। कुछ समय बाद दादा जी का देहांत हो गया। उन्होंने मरते समय शिवा को आर्शीवाद दिया, भवानी ने जो तुम्हें मार्ग दिखाया है, उसी पर चलो। तुम्हारा मनोरथ पूरा होगा।

इसके बाद शिवाजी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने कोंढाना किला जीता और उसका नाम बदलकर सिंहगढ़ रख दिया। बाद में बीजापुर के सुल्तान ने शिवाजी के पिता शाहजी को कैद कर लिया, तो शिवा को उन्हें छुड़ाने के लिए बीजापुर सुल्तान के साथ संधि करनी पड़ी। बदले में उन्होंने बंगलुरु, कोंढाना और कंदपी के किले सुल्तान को सौंप दिए।

पर कुछ समय शांत रहने के बाद शिवा दूने जोश से अपने अभियान में जुट गए। एक-एक कर अनेकों महत्त्वपूर्ण किले उन्होंने जीते और अपने राज्य का दूर-दूर तक विकास कर लिया। बीजापुर सुल्तान ने अफजल खाँ को उन्हें परास्त करने भेजा। अफजल खाँ के पास बड़ी विशाल सेना थी। पर शिवाजी जरा भी नहीं डरे। उनकी सेना का एक-एक वीर सैनिक शेर था, जो सैकड़ों पर भारी था। दुष्ट और धोखेबाज सरदार अफजल खाँ भी यह बात जानता था कि शिवाजी को युद्ध में हराना उसके बस की बात नहीं है। लिहाजा वह छल और कूटनीति से उन्हें मारना चाहता था। उसने संधि और बातचीत की पेशकश की।

शिवाजी अच्छी तरह जानते थे कि अफजल खाँ के मन में क्या है?

वह धोखे से उनका वध करना चाहता था। पर शिवाजी भी पूरी तरह सतर्क थे। वे बघनखा पहनकर गए थे। जैसे ही उन्हें अफजल खाँ के बुरे इरादे का पता चला, उन्होंने बघनखे से उनका पेट फाड़ दिया और चतुराई से बचकर निकल आए। इससे शिवाजी की चतुराई और कूटनीतिक कुशलता की कीर्ति दूर-दूर तक फैल गई। हर ओर शिवाजी की वीरता और साहस की कहानियाँ फैल गईं।

शिवाजी में भारतीय संस्कृति की रक्षा करने और मातृभूमि को स्वतंत्र करने का भाव जगाने वाले समर्थ गुरु रामदास की प्रेरणा और आशीर्वाद शिवाजी के लिए मानो रक्षा-कवच बन गया था। उन्होंने शिवाजी को आशीर्वाद देते हुए कहा था, तुम देश की रक्षा के लिए युद्ध कर रहे हो। इसलिए माँ भवानी का आशीर्वाद तुम्हारे साथ है। वे तुम्हारा बाल बाँका नहीं होने देंगी। और सचमुच बड़े से बड़े खतरों से बचकर वे सकुशल बाहर निकल आए।

हालाँकि शुरू में समर्थ गुरु रामदास उन्हें बड़ी मुश्किलों से मिले। शिवाजी ने समर्थ गुरु रामदास की तेजस्विता के बारे में सुना, तो उनसे मिलने के लिए विकल हो उठे। पर स्वामी रामदास भी उनकी परीक्षा ले रहे थे। वे उनके सामने आते ही न थे। तब शिवाजी ने प्रतिज्ञा की, जब तक समर्थ गुरु रामदास के दर्शन न कर लूँगा, तब तक मैं भोजन ग्रहण न करूँगा।

आखिर शिवा की विकलता जानकर गुरु रामदास ने उन्हें दर्शन दिए। शिवा अपना सब कुछ त्यागकर गुरु जी की सेवा करना चाहते थे। तब गुरु रामदास ने उन्हें प्यार से फटकारते हुए कहा, तो क्या इसीलिए तुम मेरे पास आए हो? तुम क्षत्रिय हो। तुम्हारा काम देश और प्रजा की रक्षा करना है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिया था, उसे याद करो और अपना कर्त्तव्य पूरा करो।

इससे शिवाजी के मन में नया जोश पैदा हुआ और उन्हें अपना कर्त्तव्य दिखाई देने लगा।

एक बार समर्थ गुरु रामदास ने शिवाजी से कहा, शिवा, आज तुमसे भिक्षा माँगता हूँ। दे, तू मुझे जो भी दे सकता है?

शिवाजी बोले, गुरुदेव, मैं तो अकिंचन हूँ। मेरे पास जो कुछ भी है, वह तो आपका दिया हुआ ही है। स्वराज्य का सपना भी आपने ही मुझे दिखाया। एक छोटा सा राज्य मेरे पास है। इसी को मेरी तुच्छ भेंट या भिक्षा समझ लें।

इतना कहकर शिवा ने अपना सारा राज्य ही एक कागज पर लिखकर उनके दान-पात्र में डाल दिया।

इस पर गुरु रामदास ने मुसकराकर कहा, ठीक है शिवा, आज से यह राज्य मेरा हुआ। तुम मेरे प्रतिनिधि बनकर इसका प्रबंध सँभालो।

शिवाजी ने तभी से अपने झंडे का गेरुआ कर दिया। उन्होंने घोषणा की कि यह राज्य गुरु रामदास का है और मैं तो उनका एक सेवक मात्र हूँ।

औरंगजेब ने शिवाजी की शक्ति को निरंतर बढ़ते हुए देखा, तो महाराज जयसिंह को उन्हें पराजित करने के लिए भेजा। जयसिंह के समझाने पर शिवाजी अपने बेटे के साथ औरंगजेब से मिलने आगरा गए। पर औरंगजेब ने उनका अपमान किया और एक कोठरी में बंद करवा दिया।

पर इस महान शेर को पिंजरे में कैद करना आसान न था। शिवाजी ने बीमार होने का बहाना बनाया। फिर धीरे-धीरे समाचार आने लगे कि शिवाजी अब स्वस्थ हो रहे हैं। इस खुशी में उन्होंने फलों के टोकरे बाहर भिजवाए।?उन्हीं बड़े-बड़े टोकरों में छिपकर वे बेटे समेत किले से निकल आए। फिर घोड़े पर बैठकर बिजली की सी तेजी से अपने राज्य में जा पहुँचे। मुगल सम्राट औरंगजेब हक्का-बक्का रह गया।

जिस समय शिवाजी हिंदू रीति से राजगद्दी पर बैठे, उन्होंने दल-बल के साथ रायगढ़ में जुलूस निकाला। आगे-आगे हाथी पर भगवा झंडा था। यह वास्तव में समर्थ गुरु रामदास के वस्त्र का ही एक टुकड़ा था। शिवाजी ने इसी को प्रतीक रूप में अपना ध्वज बनाया।

कुछ वर्ष बाद ही इस महान देशभक्त योद्धा का निधन हुआ। पर उन्होंने एक शक्तिशाली हिंदू साम्राज्य की स्थापना करके भारत के गौरव को फिर से ऊँचा उठाने का जो संकल्प किया था, उसे बहुत कुछ अपने सामने पूरा होते देख लिया। उनका स्मरण करते ही मन में वीरता की लहर पैदा हो जाती है। अगर शिवाजी की तरह ही देश के लिए कुछ करने का भाव हो, तो हमारा देश फिर से अपने पुराने गौरव और वैभव को हासिल कर सकता है, जब कि सारी दुनिया इसे सोने की चिड़िया कहकर पुकारती थी।

# अगर आप भी हैं इन बड़े बैंक के ग्राहक तो हो जाएं सावधान! हैकर्स कर सकते हैं अकाउंट खाली

Zscaler ThreatLabz की रिपोर्ट के अनुसार इन बैंक के मोबाइल ग्राहकों के ऊपर फिशिंग अटैक्स का खतरा काफी बड़ गया है। जालसाज बैंक की असली वेबसाइट की तरफ दिखने वाली फेक वेबसाइट भी बना कर यूजर्स को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इसके अलावा ये स्कैमर यूजर्स को ऐसे ईमेल भी भेजते हैं जो दिखने में बिल्कुल बैंक से आए ईमेल की तरफ लगते हैं।

अगर आपका भी बैंक अकाउंट आईसीसी, एक्सेस बैंक, एचडीएफसी में है तो आप पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है।

Zscaler ThreatLabz की रिपोर्ट के अनुसार इन बैंक के मोबाइल ग्राहकों के ऊपर फिशिंग अटैक्स का खतरा काफी बड़ गया है। जालसाज बैंक की असली वेबसाइट की तरफ दिखने वाली फेक वेबसाइट भी बना कर यूजर्स को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इसके अलावा ये स्कैमर यूजर्स को ऐसे ईमेल भी भेजते हैं जो दिखने में बिल्कुल बैंक से आए ईमेल की तरफ लगते हैं। इनके पास कुछ ऐसे ट्रिक हैं जो यूजर के स्मार्टफोन में मैलवेयर की एंट्री करा देते हैं जिससे उन्हें डिवाइस का पूरा एक्सेस मिल जाता है।

फेक वेबसाइट्स और ईमेल्स के जाल में यूजर आसानी से फंस जाते हैं और अनजाने में साइबर क्रिमिनल्स को पर्सनल के साथ अपनी बैंकिंग डिटेल्स भी दे देते हैं। हैकर इन डिटेल्स का फायदा उठाते हैं और आपक पूरा बैंक अकाउंट खाली कर सकते हैं। ICICI, HDFC ¥õÚU A&is Bank भारत में सबसे बड़े बैंकों में से एक हैं। इसलिए इन बैंक के ग्राहक साइबर क्रिमिनल्स की पहली पंसद बने हुए हैं। बड़ा कस्टमर बेस होने के कारण जालसाजों को एक बड़ा फिशिंग अटैक से बड़ा फायदा होने की उम्मीद रहती है। इसी कारण ये इन बैक के ग्राहकों को अपने जाल में फंसाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं।

## इन कुछ तरीकों से आप रहे सकते हैं सेफ

फेक ईमेल और अनजान नंबर से आए एसएमएस को तुरंत डिलीट कर दें। इन मैसेज में दिए गए लिंक्स पर गलती से भी क्लिक न करें।

वेबसाइट के एड्रेस को कम से कम दो बार जरूर देख लें। लॉगिन डिटेल एंटर करने से पहले ये जरूर कन्फर्म कर लें कि आप बैंक की असली वेबसाइट पर ही हैं।

पब्लिक वाई-फाई का इस्तेमाल करते समय अपने पर्सनल को डीटेल को एंटर करने से बचें।

लुभावने ऑफर के लालच में न पड़ें। कई बार साइबर क्रिमिनल यूजर्स को जाल में फंसाने के लिए आकर्षक डील और ऑफर देते हैं। इनका मेन टारगेट फिशिंग अटैक का होता है। यकीन न होने वाले ऑफर्स पर कभी भी भरोसा न करें।






# 9 दिसंबर को बेबी जॉन के ट्रेलर लॉन्च की भव्य तैयारी

2024 का साल अब समाप्ति की ओर है और बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन इसे एक धमाकेदार अंदाज में खत्म करने जा रहे हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म बेबी जॉन की रिलीज अब बेहद नजदीक है। यही वजह है कि इस फिल्म का प्रमोशन इन दिनों जोरों पर है। फिल्म का टीजर और पहला गाना नैन मटक्का पहले ही जारी किया जा चुका है। अब दर्शकों की नजरें फिल्म के ट्रेलर पर हैं, जिसका इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है।

## इस दिन आएगा ट्रेलर

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म का ट्रेलर 9 दिसंबर को मुंबई में एक भव्य इवेंट में लॉन्च किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक फिल्म के निर्माता 9 दिसंबर को मुंबई के एक भव्य कार्यक्रम में बेबी जॉन का ट्रेलर लॉन्च करेंगे। इसमें फिल्म के मुख्य कलाकार वरुण धवन, कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, एटली और निर्माता कलीस के अलावा निर्माता मुशर्रत खेतानी, ज्योति देशपांडे और संगीतकार एस थमन भी मौजूद रहेंगे।

## ट्रेलर में दिखेगा असली मसाला

एक सूत्र ने बताया, टीजर ने फिल्म की एक झलक दी है, जबकि नैन मटक्का गाने ने यह साफ कर दिया है कि यह फिल्म सिर्फ एक्शन और इमोशन का मिश्रण नहीं है, बल्कि इसमें मस्ती और आकर्षक संगीत भी है। अब दर्शक ट्रेलर के माध्यम से फिल्म का असली मसाला देख सकेंगे।

## इस दिन रिलीज होगा दूसरा गाना

फिल्म का दूसरा गाना पिकले पॉम 6 दिसंबर को रिलीज होने वाला है। इस गाने को विशाल मिश्रा और रिया सीपना ने गाया है। गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं और संगीत एस थमन ने दिया है। यह गाना वरुण धवन के किरदार और उनकी बेटी के बीच के रिश्ते को दर्शाएगा।

## फिल्म में दिखेंगे ये सितारे

फिल्म का पहला गाना नैन मटक्का वरुण धवन और कीर्ति सुरेश के बीच की शानदार केमिस्ट्री को दर्शाता है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ और धीक्षिता वेंकदेशन उर्फ धी ने गाया है। इसके स्टारकास्ट की बात करें तो फिल्म में वरुण धवन, जैकी श्रॉफ, कीर्ति सुरेश, वामीका गब्बी और राजपाल यादव मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म में सलमान खान भी एक विशेष भूमिका में दिखाई देंगे। यह फिल्म 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी। दर्शकों को इस फिल्म से एक शानदार मनोरंजन की उम्मीद है।



# रश्मिका मंदाना से लेकर नयनतारा तक, इन साउथ अभिनेत्रियों ने बॉलीवुड में भी हासिल किया मुकाम

साउथ फिल्में और उनके सितारों को लेकर इन दिनों प्रशंसकों का क्रेज देखते ही बन रहा है। फिल्म पुष्पा 2 वैसे तो साउथ की फिल्म है, लेकिन पांच भाषाओं में रिलीज होने के कारण यह पैन इंडिया फिल्म बन गई है। इस फिल्म को प्रशंसकों का प्यार मिल रहा है। फिल्म में अल्लू अर्जुन को जितना पसंद किया गया है, उतना ही रश्मिका मंदाना को भी प्रशंसकों का प्यार मिला है। रश्मिका के अलावा भी कुछ साउथ अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाई है।

## रश्मिका मंदाना

रश्मिका मंदाना को इन दिनों पुष्पा 2 यानी पुष्पा- द रूल में देखा जा रहा है। रश्मिका को इससे पहले बॉलीवुड फिल्म एनिमल में देखा गया। रणबीर कपूर के साथ उनकी इस फिल्म को भी फैंस ने बहुत पसंद किया था।

## सामंथा

पुष्पा- द राइज फिल्म में ही आइटम सांग कर चुकी सामंथा ने हाल ही में बॉलीवुड में भी काम किया है। उन्हें वरुण धवन की सिटाडेल- हनी बनी में देखा गया। सामंथा की ये सीरीज ओटीटी पर रिलीज हुई है। इसे प्रशंसकों का प्यार मिल रहा है।

## नयनतारा

नयनतारा साउथ की चर्चित अभिनेत्रियों में से एक हैं। नयनतारा को शाहरुख खान के साथ आई फिल्म जवान में देखा गया। इस फिल्म को प्रशंसकों ने बहुत पसंद किया। साथ ही नयनतारा बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हो गई।

## श्रुति हासन

साउथ अभिनेत्री श्रुति हासन साउथ सिनेमा के साथ ही बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। श्रुति हासन ने अक्षय कुमार के साथ गब्बर इज बैक में काम किया था। इसके अलावा वे रमैया वस्तावैया में भी काम कर चुकी हैं।





# पुष्पा ने मेरे करियर के लिए कुछ खास नहीं किया

फहद फासिल को फिल्म पुष्पा 2 में भंवर सिंह शेखावत की भूमिका में नजर आ रहे हैं। सुकुमार निर्देशित फिल्म 5 दिसंबर को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो गई है। फिल्म रिलीज के बाद फहद फासिल का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह पुष्पा से जुड़ी कुछ बातें बता रहे हैं। पुष्पा 2 देखने वाले कई प्रशंसकों को लगा कि फहद का कम उपयोग किया गया है और दूसरे भाग में उन्हें कार्टून जैसा दिखाया गया है।

पुष्पा के लिए बोले फहद फासिल

फहद फासिल अपने इस पुराने इंटरव्यू में कहते दिख रहे हैं कि फिल्म पुष्पा ने उनके करियर के लिए कुछ खास नहीं किया है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि फिल्म पुष्पा ने मेरे लिए ऐसा कुछ किया है। मैंने सुकुमार से भी ये बात कह दी है। मुझे इस बारे में मुझे ईमानदार होना चाहिए। फहद फासिल ने आगे कहा, मैं यहां मेरा काम कर रहा हूं। किसी भी चीज का अनादर नहीं। मुझे नहीं लगता कि पुष्पा के बाद लोग मुझसे जादू की उम्मीद करते हैं। नहीं, यह शुद्ध सहयोग और सुकुमार सर के लिए प्यार है। मेरा काम यहां इस इंडस्ट्री में ही है।



# एक नहीं बल्कि तीन पौराणिक किरदारों में नजर आएंगे विक्की कौशल

बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल सभी के पसंदीदा अभिनेता हैं। वहीं इन दिनों विक्की अपनी फिल्म छावा को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। एक वजह यह भी है कि फिल्म छावा की रिलीज डेट बदल दी गई है। विक्की एक नहीं बल्कि तीन पौराणिक किरदारों में नजर आने वाले हैं।
विक्की छावा में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। तो वहीं महावतार में विक्की चिरंजीवी परशुराम की भूमिका में नजर आएंगे और फिल्म अश्वत्थामा में विक्की कौशल अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। इन तीनों ही फिल्म की आधिकारिक घोषणा की जा चुकी है। हर एक फिल्म में विक्की का किरदार अनोखा होगा।




## छावा

मैडॉक फिल्म्स की बहुप्रतीक्षित छावा अब 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। छत्रपति संभाजी महाराज के रूप में विक्की कौशल अभिनीत ऐतिहासिक फिल्म लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित है। पहले यह फिल्म 19 फरवरी 2025 को रिलीज होनी थी। विक्की इससे पहले लक्ष्मण उतेकर के साथ फिल्म जरा हटके जरा बचके में काम कर चुके हैं, जिसमें अभिनेत्री सारा अली खान भी मुख्य भूमिका में थीं। इसका निर्माण दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स ने किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पुष्पा 2 की रिलीज को देखते हुए छावा के निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख को बदला है। दर्शकों को इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है।




## महावतार

निर्देशक अमर कौशिक की फिल्म महावतार में विक्की कौशल चिरंजीवी परशुराम भगवान की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया जा चुका है, जिसमें विक्की के लुक की काफी प्रशंसा हुई थी। फिल्म महावतार योद्धा चिरंजीवी परशुराम की कहानी पर आधारित होगी। फिल्म में विक्की को भगवान परशुराम की भूमिका निभाते देखने के लिए प्रशंसक बेसब्र हैं। इस फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक करेंगे। फिल्म के पोस्टर और टीजर के साथ निर्देशक-निमर्ताओं ने फिल्म महावतार की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में क्रिसमस के मौके पर साल 2026 को रिलीज होगी। विक्की ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर महावतार को लेकर एक पोस्ट जारी किया था और लिखा था, दिनेश विजन धर्म के शाश्वत योद्धा की कहानी को जीवंत करेंगे।



# 'लापता लेडीज' के ऑस्कर जीतने की आमिर को उम्मीद, बोले-दुनिया भर की ऑडियंस तक फिल्म पहुंचेगी

**आमिर खान अच्छी, लीक से हटकर फिल्मों में अभिनय ही नहीं करते, ऐसी फिल्मों को प्रोड्यूस भी करते हैं। इस साल रिलीज हुई किरण राव निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' के एक प्रोड्यूसर वो भी थे। अब यह फिल्म ऑस्कर अवॉर्ड पाने की दावेदार बनी हुई है। हाल ही में आमिर ने इस फिल्म के ऑस्कर जीतने और उसके बाद की स्थिति पर बात की।**

## दुनिया भर की ऑडियंस तक पहुंच पाएगी

ऑस्कर में 'लापता लेडीज' को भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर भेजा गया है। हाल ही में इसके ऑस्कर जीतने की उम्मीद आमिर खान ने एक इंटरव्यू में जता दी। वह कहते हैं, 'अगर हमारी फिल्म ऑस्कर जीत जाती है तो इससे 'लापता लेडीज' को नई उड़ान भरने का मौका मिलेगा।यह फिल्म दुनिया भर की ऑडियंस तक पहुंच पाएगी। देखिए, किसी फिल्म के ऑस्कर जीतने से उसके बारे में दुनिया भर की ऑडियंस जान जाती है और उस फिल्म को देखती है।'

## खुद की ऑडियंस को क्रेजी माना

इसी इंटरव्यू में आमिर खान आगे कहते हैं कि हमारे देश में लोग फिल्मों को लेकर काफी क्रेजी हैं। हम भारतीयों को फिल्मों से प्यार है। इसलिए लगभग हर भारतीय को उम्मीद है कि फिल्म 'लापता लेडीज' ऑस्कर जरूर जीतेगी।

## महिलाओं की आजादी की कहानी

फिल्म 'लापता लेडीज' में कभी मजाकिया तो कभी इमोशनल अंदाज में महिलाओं की आजादी की कहानी को कहा गया है। कैसे आज भी देश में महिलाएं, पुरानी रूढ़ियों का शिकार हैं, इस बात को फिल्म में बहुत ही अच्छे से दिखाया गया है।

## किरण राव का उम्दा निर्देशन

फिल्म 'लापता लेडीज' इसलिए भी एक बेहतरीन फिल्म बनकर तैयार हुई, क्योंकि इसमें महिलाओं की कहानी को, उनके दर्द को, एक महिला निर्देशक द्वारा कहा गया है। फिल्म को किरण राव ने बहुत ही शिद्दत के साथ बनाया है। अब किरण की यह मेहनत सफल होती हुई नजर आ रही है, 'लापता लेडीज' को ऑस्कर अवॉर्ड के जरिए दुनिया भर की ऑडियंस तक पहुंचने का मौका मिल रहा है।



# नई फिल्म के लिए कबीर खान के साथ फिर काम करेंगे सलमान खान!

बॉलीवुड के दंबंग सलमान खान इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर की शूटिंग में व्यस्त हैं। बताया जा रहा है कि सलमान खान जनवरी में सिकंदर की शूटिंग पूरी कर लेंगे। सलमान समय-समय पर इस फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां साझा कर रहे हैं। वहीं, अब बीच अब सलमान खान की एक और नई फिल्म के बारे में जानकारी सामने आई है। खबर है कि सलमान फिल्म निर्देशक कबीर खान के साथ फिर जोड़ी बना रहे हैं।

## सलमान ने की कबीर से मुलाकात

रिपोर्ट्स के अनुसार सलमान खान अपनी नई फिल्म के लिए कबीर के साथ फिर काम करेंगे। दरअसल हाल ही में, सलमान खान ने संभावित नए प्रोजेक्ट पर चर्चा करने के लिए कबीर खान से मुलाकात की, जिससे फैंस उनकी नई फिल्म पर अपडेट पाने के लिए बेताब हो गए हैं। खबर है कि वे एक्शन फिल्म को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

## कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग?

रिपोर्ट्स का अनुसार, कबीर खान वर्तमान में एक एक्शन फिल्म पर काम कर रहे हैं, जो उन्हें लगता है कि सलमान खान जैसे सुपरस्टार के लिए एकदम सही है। दोनों ने हाल ही में इस प्रोजेक्ट पर चर्चा करने के लिए एक शुरुआती बैठक की, हालांकि विवरण अभी भी शुरुआती चरण में हैं, और कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। रिपोर्ट्स का दावा हैं कि वे एक रोमांचक एक्शन फिल्म की योजना बना रहे हैं, जिसका निर्माण संभवत 2025 के अंत तक शुरू हो जाएगा।
सलमान खान और कबीर खान ने इससे पहले कैटरीना कैफ के साथ एक्शन-थ्रिलर फिल्म एक था टाइगर और करीना कपूर खान के साथ कॉमेडी-ड्रामा बजरंगी भाईजान में साथ काम किया है। दोनों ही फिल्मों को दर्शकों ने खूब पसंद किया, जिसमें बजरंगी भाईजान अपनी आकर्षक कहानी के लिए मशहूर एक कल्ट क्लासिक बन गई। यह फिल्म भारत में 320.34 करोड़ रुपये की कमाई के साथ एक बड़ी हिट रही। वे ट्यूबलाइट में भी साथ काम कर चुके हैं। अब वे चौथी बार साथ काम करेंगे। प्रशंसक इस जोड़ी के बीच एक और सहयोग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## सलमान खान की आगामी फिल्में

वहीं, बात करें सिकंदर की तो एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य अभिनेत्री के रूप में हैं। साथ ही सुनील शेट्टी और काजल अग्रवाल भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसे ईद 2025 पर रिलीज किया जाना है। इसके बाद सलमान 2025 की गर्मियों में निर्देशक एटली की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू करेंगे, जिसे 2026 के अंत में रिलीज करने की योजना है।

# पुष्पा 2 के मेकर्स के साथ राम पोथिनेनी की नई फिल्म का एलान

मैत्री मूवी मेकर्स वर्तमान में तेलुगु सिनेमा के सबसे लोकप्रिय प्रोडक्शन हाउस में से एक है। अपनी पाइपलाइन में बैक-टू-बैक फिल्मों के साथ प्रोडक्शन हाउस पूरे जोश से काम कर रहा है। उनकी नई रिलीज फिल्म पुष्पा 2 को हर जगह ब्लॉकबस्टर समीक्षाएं मिली हैं। अब पुष्पा 2 के अलावा मैत्री मूवी मेकर्स ने स्टार हीरो राम पोथिनेनी को एक रोमांचक नए प्रोजेक्ट के लिए साइन किया है।

## फिल्म में नजर आएंगी ये अभिनेत्री

साउथ अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी की मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी के निर्देशक महेश बाबू पी राम पोथिनेनी की इस नई फिल्म को बड़े पैमाने पर निर्देशित करेंगे। रवि तेजा की फिल्म मिस्टर बच्चन से डेब्यू करने वाली भाग्यश्री बोरसे इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।
रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माताओं ने राम पोथिनेनी की इस फिल्म के लिए एक अनोखा और मजेदार शीर्षक तय कर लिया है। लगातार फ्लॉप फिल्मों से जूझ रहे राम पोथिनेनी को एक हिट की सख्त जरूरत है। हालात बदलने के लिए उन्होंने एक युवा निर्देशक के साथ मिलकर काम किया है।



# बांग्लादेश में हिन्दुओं के दमन के विरोध में प्रदर्शन

## बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ खड़ा है हर सनातन प्रेमी : सांसद

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बांग्लादेश में धार्मिक आधार पर हिंदू समुदाय के प्रति हो रहे अत्याचार और दमन के विरोध में श्री सनातन धर्म रक्षा समिति आव्हान पर






सेक्टर–33 स्थित नोएडा हाट में नोएडा के सर्व समाज द्वारा विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में पूर्व केंद्रीय मंत्री और गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. महेश शर्मा सहित नोएडा के गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। बांग्लादेश में धार्मिक आधार पर हो रहे अत्याचार और दमन के विरोध प्रकट किया और रैली भी निकाली।

इस्कॉन मंदिर, नोएडा के पास सेक्टर 33, के हेलीकॉप्टर पार्क में हजारों की संख्या जमा हुए और बांग्लादेश में धार्मिक आधार पर मंदिरों पर हमला, पुजारियों की गिरफ्तारी, हत्या और धार्मिक आधार पर अत्याचार के विरुध्द प्रदर्शन कर यह संदेश दिया कि इन अत्याचार के खिलाफ व उनके साथ खड़े हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और नोएडा के सांसद डॉ महेश शर्मा ने इस बात पर बात पर गहरा रोष व्यक्त किया गया कि बांग्लादेश में लगातार हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर अमानवीय अत्याचार, हत्या, बलात्कार और आगजनी जैसी घटनाओं सामने आ रही है। मंदिरों पर हमला, पुजारियों की गिरफ्तारी, हत्या और धार्मिक आधार पर अत्याचार के बाद भी बांग्लादेश की सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

सांसद डॉ महेश शर्मा ने कहा कि हम इस विरोध प्रदर्शन से यह संदेश देना चाहते हैं कि इस वक्त पूरा हिंदुस्तान पूरा भारतवासी, पूरे सनातन प्रेमी एक साथ है और अपने हिंदू भाइयों के साथ खड़े हैं। हमारे धार्मिक मंदिरों को जो चोट पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, विश्व की ताकतों को भी यह संदेश दिया जा रहा है। हमारी सरकार तो इस विषय में पूरे प्रयास कर ही रही है और बांग्लादेश की सरकार को, वहाँ की यूनुस सरकार को ये आगाह कर रही हैं की किसी भी तरह से किसी भी हमारे हिंदू भाई पर अत्याचार न हो। किसी भी धार्मिक मंदिर पर किसी भी तरह से नुकसान न हो।

# खाटू श्याम के भजनों में डूबे श्याम प्रेमी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** रविवार को खाटू श्याम के भजन जागरण का आयोजन रजत विहार सी ब्लॉक सेक्टर–62 नोएडा में किया गया। जिसमें फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, के.के. जैन, समेत काई आरडब्लूए के अध्यक्ष सम्मलित हुए। खाटू श्याम के जागरण का आयोजन रजत विहार श्याम प्रेमियों के साथ मन्दिर समिति और आरडब्लूए ने मिलकर किया आरडब्लूए अध्यक्ष अमित नागपाल टीम मन्दिर समिति के मुख्य सेवा दर राजेंद्र पांडे के साथ पूरी समिति सहित सभी ने आयोजन को भव्य बनाने मे पूरा सहयोग दिया। आरडब्लूए महासचिव गोपाल शर्मा ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# क्रिसमस, नव वर्ष की पार्टी के लिए मंजूरी जरूरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला मनोरंजन कर अधिकारी गौतमबुद्धनगर ने जनपद के समस्त होटल,



पव, रेस्टोरेन्ट, क्लब, पार्क व अन्य स्थानों पर क्रिसमस डे व नववर्ष को लेकर कार्यक्रम आयोजन करने वाले स्वामियों/संचालकों/प्रबन्धकों को जानकारी दी है कि क्रिसमस डे व नववर्ष के अवसर पर मनोरंजन की परिभाषा से आच्छादित कोई प्रदर्शन, प्रस्तुतीकरण, आमोद, खेल, क्रीडा (घुड़ दौड़ सहित), झूलो आदि मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन जनपद में संचालित समस्त होटल, पव, रेस्टोरेन्ट, क्लब, पार्क व अन्य स्थानों पर होना संभाव्य है।

मनोरंजन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि आयोजन की अनुमति के लिए विद्युत, अग्नि सुरक्षा, कानून व्यवस्था, लोक व्यवस्था तथा सुरक्षा के लिए समुचित सावधानी के साथ–साथ वायुप्रशीतन एवं वातानुकूलन सुविधा व अन्य विद्युत स्थापना की समुचित व्यवस्था का प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। बिना सक्षम अनुमति के किए जाने वाले कार्यक्रम को बंद कराने के साथ–साथ आवश्यक विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

उन्होंने जनपद के समस्त होटल ,पव, रेस्टोरेन्ट, क्लब, पार्क एवं अन्य स्थानों पर क्रिसमस डे व नववर्ष के अवसर पर किये जाने वाले मनोरंजन कार्यक्रमों के स्वामियों/संचालकों/प्रबन्धकों को कहा कि उक्त प्राविधानों के तहत आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्रों के साथ नियमानुसार अनुमति सक्षम प्राधिकारी से ऑनलाइन प्राप्त करने के लिए निवेश मित्र पर विभागीय पोर्टल 30 दिन पूर्व आवेदन करके अनुमति प्राप्त करना सुनिश्चित करें तथा देय जीएसटी नियमानुसार जमा करायें।

# बादलपुर में बी.एड. विभाग की छात्राओं का शिक्षण अभ्यास प्रारंभ

**दादरी ( चेतना मंच )।** जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम बुद्ध नगर डॉक्टर धर्मवीर



सिंह के निर्देशों पर विभागाध्यक्ष शिक्षक शिक्षा विभाग राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय भागलपुर नोएडा डॉ संजीव कुमार ने बताया की कु.मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर के बी.एड.विभाग की छात्राओं का 20 दिवसीय शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम 06 दिसम्बर 2024 को ब्लू डायमंड पब्लिक स्कूल में प्रारंभ हुआ। प्राचार्या प्रोफेसर अनीता रानी राठौर तथा ब्लू डायमंड पब्लिक स्कूल के निदेशक अनिल नागर के नेतृत्व में प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में बी.एड.विभाग के समस्त शिक्षकों एवं छात्राओं के उपस्तिथि एवं सहभागिता सराहनीय रही।

# पोलियो की ड्रॉप से वंचित न रहे कोई : डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 8 दिसंबर से



16 दिसंबर 2024 तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा, जिसका प्राइमरी स्कूल निठारी में जिला अधिकारी मनीष वर्मा द्वारा रिबन काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील शर्मा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ आर के सिंह एवं डबल्यूएचओ, यूनिसेफ, जेएसआई तथा यूएनडीपी जैसी सहयोगी संस्थाएं उपस्थित रही।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग का अधिकारियों से कहा कि पल्स पोलियो अभियान को शिविर लगाकर तथा घर–घर जाकर प्रत्येक पात्र बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य दी जाए, कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जाए।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर आरके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए चलाया जाएगा। अभियान के तहत 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद आच्छादित की जाएगी, जिसमें दोनों प्रकार से बूथ लगाकर तथा घर घर जाकर बच्चों को प्रतिरक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज 8 दिसंबर को पोलियो के लिए बूथ लगेंगे तथा 9 से 13 दिसंबर तक घर घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पोलियो की खुराक दी जाएगी।

# संगठन में बड़ी ताकत है, संगठित होकर अपनी आवाज उठाएं: बिजेंद्र सिंह

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन( भाकियू) के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में युवा जिला अध्यक्ष छोटे चौधरी ने भाकियू संगठन का विस्तार करते हुए, सैकड़ों को युवाओं भाकियू की सदस्यता ग्रहण कराई।

मसूरी में आयोजित भाकियू की संगठन विस्तार बैठक में मसूरी और आसपास के किसान शामिल हुए। वक्ता के रूप में भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार चौधरी ने संगठन के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में गाजियाबाद के भाकियू जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह,युवा जिला अध्यक्ष छोटे चौधरी ,सतेंद्र तेवतिया,यशवीर सिंह ,ब्रह्मपाल सिंह(सुहैल आदि ने अपने विचार रखे। और किसानों से एक होकर अपनी लड़ाई लड़ने की अपील की गई।

भाकियू के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने कहा कि संगठन में बड़ी ताकत है, संगठित होकर अपनी आवाज उठाएं। उन्होंने कहा भारतीय किसान यूनियन संगठन करीब 1986 से शांति के रस्ते पर चलते हुए, किसानों और मजदूरों की आवाज उठता आ रहा है। और आगे भी उठता रहेगा। उन्होंने भाकियू में शामिल सभी सदस्यों को चेतावनी देते हुए कहा कि संगठन में अनुशासन हीनता सबसे बड़ा अपराध है।

इस मौके पर भाकियू के राष्ट्रीय सचिव चौधरी ओमपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष



रामकुमार चौधरी, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ,पवन चौधरी (दुहाई), युवा जिला अध्यक्ष छोटे चौधरी, डॉ रिजवान, ब्रह्मपाल सिंह, राजेश चौधरी (दुहाई),भाकियू कार्यालय प्रभारीसतेंद्र तेवतिया, फौजी चौधरी, राजन चौधरी, दानिश अब्बासी, दाऊद अब्बासी, सलीम सैफी,नौशाद, दीपक, देव चौधरी, अमीर नौसर, खालिद अली, जावेद अब्बासी, मोहम्मद, डॉ आरीफ चौधरी (नहाल), एम.जे खान आदि सकैड़ों भाकियू पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

# पहलवानों के गांव से उभरा रेसिंग का चैंपियन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा का सर्फाबाद गांव जिसे पहलवानों के गांव के रूप




में जाना जाता है, अब रेसिंग की दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है। इस गांव के 13 वर्षीय शौर्य यादव ने अपनी अनोखी प्रतिभा से पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है। शौर्य ने पिंक फाल्कन जयपुर, राजस्थान में आयोजित रेड रैबिट रेसर्स चैंपियनशिप में फाइनल में पहुंचकर शानदार प्रदर्शन कर गांव और परिवार का नाम रोशन किया।

शौर्य यादव का परिवार ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखता है। उनके परदादा स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना योगदान दिया। उनके दादा, स्वर्गीय श्याम सिंह यादव, अपने समय के प्रभावशाली व्यक्तित्व थे और प्रधान तथा जिला पंचायत सदस्य के रूप में जनसेवा करते रहे।

शौर्य की माँ, वर्षा यादव वर्तमान में बदायूं से जिला पंचायत अध्यक्ष हैं, जो अपने नेतृत्व और सेवा के लिए जानी जाती हैं। उनके पिता जितेंद्र यादव पूर्व एमएलसी और बीजेपी के वरिष्ठ नेता हैं, जिन्होंने राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस गौरवशाली पारिवारिक विरासत के साथ, शौर्य यादव ने खेल की दुनिया में कदम रखा और अपनी मेहनत तथा दृढ़ संकल्प से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे गांव का नाम रोशन किया।

पिंक फाल्कन रेड रैबिट रेसर्स चैंपियनशिप में कुल 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से अधिकांश की उम्र 20 वर्ष से अधिक थी। शौर्य इस प्रतियोगिता के सबसे युवा ड्राइवर थे, लेकिन उनकी प्रतिभा और साहस ने उन्हें सबसे आगे ला खड़ा किया।

चैंपियनशिप चार राउंड में आयोजित की गई थी—क्वालीफाइंग, हीट, सेमीफाइनल और फाइनल। सेमीफाइनल में शौर्य ने 23.8 सेकंड के सर्वश्रेष्ठ लैप समय के साथ सभी को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### 13 साल की उम्र में हासिल की बड़ी उपलब्धि

शौर्य यादव ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से साबित किया कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। फाइनल में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से उन्होंने सभी को चकित कर दिया। हालांकि वे खिताब अपने नाम नहीं कर सके, लेकिन इतनी कम उम्र में फाइनल तक पहुंचना और चैंपियनों के बीच जगह बनाना किसी जीत से कम नहीं है। शौर्य की इस उपलब्धि ने न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार और सर्फाबाद गांव को भी गर्व का अवसर दिया है। उनका यह प्रदर्शन युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो दिखाता है कि मेहनत और आत्मविश्वास से बड़ी से बड़ी चुनौती को पार किया जा सकता है।

